
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 70 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 23 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# 84 सेकंड के सूक्ष्म मुहूर्त में होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, भारत के लिए बनेगी संजीवनी

■ अयोध्या में रामलला के स्वागत की तैयारी जोरों पर ज्योतिषियों ने बताया इस मुहूर्त से पीएम मोदी को भी होगा लाभ



**अयोध्या (एजेंसी)।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 84 सेकेंड के सूक्ष्म मुहूर्त में होगी। पंच बाण से मुक्त ये मुहूर्त भारत के लिए संजीवनी का काम करेगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारत के विश्वगुरु बनने की राह को प्रशस्त करेगी। ग्रहों की अनुकूलता प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त को संपूर्ण भारत के लिए कल्याणकारी बना रहा है। ये मुहूर्त देश के साथ ही इस प्राण प्रतिष्ठा के यजमान पीएम नरेंद्र मोदी के लिए भी लाभकारी है। राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर से 5 मुहूर्त प्रस्तावित किए गए थे। राममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अंत में गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा और काशी के विद्वानों पर अंतिम निर्णय छोड़ दिया।

इसमें सबसे अधिक शुभ मुहूर्त 22 जनवरी का ही निर्धारित किया गया था। देशभर के विद्वानों की ओर से 17, 21, 24, 25 जनवरी का प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त दिया गया था। उनमें से काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने एक मुहूर्त चुना है। 22 जनवरी की यह तिथि पांच बाण अग्नि बाण, मृत्यु बाण, चोर बाण, नृप बाण और रोग बाण से पूरी तरह से मुक्त है। इसके कारण यह देश के लिए संजीवनी योग का निर्माण कर रही है। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण और राममंदिर के शिलान्यास का मुहूर्त निकालने वाले पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि मेष लग्न में वृश्चिक नवांश में अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामजन्मभूमि में रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए अतिसूक्ष्म मुहूर्त है। ये दोपहर में 12 बजकर 29 मिनट आठ सेंकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक 84 सेकेंड का है।

### काशी से ही अयोध्या जाएगी हवन सामग्री, नवरत्न, पंचरत्न और समीधा

रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के कर्मकांड की पूरी जिम्मेदारी काशी के वैदिक ब्राह्मणों पर है। काशी से ही हवन, पूजन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सामग्री अयोध्या जाएगी। 26 दिसंबर को काशी के ब्राह्मणों का पहला जत्था रवाना होगा। इसके साथ ही यज्ञ कुंड व पूजन मंडप का कार्य भी आरंभ हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चारों वेदों के साथ ही कृष्ण यजुर्वेदीय शाखा के 51 वैदिक ब्राह्मण काशी से रवाना होंगे।पं. अरुण दीक्षित ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा मुहूर्त को भव्य बनाने के लिए और कोई भी पूजा छूट न जाए, इसलिए ग्रंथों के अध्ययन के साथ ही देश भर के विद्वानों से संपर्क किया जा रहा है। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के लिए अयोध्या में आठ तरह के मंडप का निर्माण किया जाएगा। काशी से अयोध्या जाने वाले वैदिक चारों वेदों का पारायण करेंगे। इसके साथ ही काशी से 108 कलश पंचगव्य, 10 तरह की समीधा, सहस्त्रछिद्राभिषेक के लिए घड़ा, तीर्थों का जल, नवरत्न, पंचरत्न, पारा और सप्तधान्य अयोध्या पूजन के लिए जाएगा।

### अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा से रामजी के राज्य में होगी वृद्धि

गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा के परीक्षाधिकारी मंत्री पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा करने से रामजी की राज्यवृद्धि होगी अर्थात नीति के अनुसार शासन कार्य चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त पर देश भर से आई आपत्तियों को गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा ने खारिज कर दिया है। राममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने मुहूर्त पर आई आपत्तियों के निराकरण के लिए काशी गीर्वाणवाग्वर्धिनी सभा को पत्र लिखा था। सभा ने आपत्तियों को खारिज करते हुए 22 जनवरी के मुहूर्त को सर्वाधिक शुभ बताया है। पं. गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने बताया कि रामजी का जन्मनक्षत्र पुनर्वसु है। इससे गणना करने पर तृतीय पर्यय में रोहिणी नक्षत्र रामजी को वधतारा पड़ती है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मृगशिरा नक्षत्र के तीसरे चरण में कोई दोष नहीं है। रामजी के लिए मृगशीर्ष मैत्र तारा है जो कि प्रधानमंत्री के लिए शुभ है। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा होने से प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि का योग बन रहा है। सोमवार, मृगशीर्ष नक्षत्र और पंचबाण से मुक्त होने पर प्राण प्रतिष्ठा की का मुहूर्त संजीवनी योग निर्मित कर रहा है।

## खास-खबर



### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के विकास, प्रगति और जनहित से जुड़ी विभिन्न जनकल्याण योजनाओं की संबंध में विस्तार से चर्चा की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुणसाव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सेवा, सुशासन, जनकल्याण और विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

### 3 गुना बढ़ा भारत का रक्षा निर्यात ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, तेजस विमान समेत दर्जन भर हथियारों की विदेशों में हाई डिमांड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2014 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से भारत रक्षा के क्षेत्र में ना केवल आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है बल्कि वैश्विक रक्षा निर्यात में एक प्रमुख खिलाड़ी बनता जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया का विस्तार करते हुए भारत का रक्षा निर्यात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा निर्यात का आंकड़ा लगभग 16,000 करोड़ रुपये को छू गया है।




रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा निर्यात में 23 गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। रक्षा उपकरणों के भारतीय डिजाइन और विकास क्षमताएं अब 85 से अधिक देशों तक पहुंच रही हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को उन हथियारों की सूची का खुलासा किया, जिनकी डिमांड सबसे ज्यादा हो रही है। इनमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रुज मिसाइल और आकाश मिसाइल रक्षा प्रणाली भी शामिल हैं। इनके अलावा तेजस विमान, पिनाका रॉकेट लॉन्चर और 155 मिमी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन शामिल हैं।

MoD के एक बयान में कहा गया है कि निर्यात किए जाने वाले प्रमुख हथियारों में डोर्नियर-228, 155 मिमी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन, ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल सिस्टम, रडार, सिमुलेटर, माइन प्रोटेक्टेड वाहन, बख्तरबंद वाहन, पिनाका रॉकेट और लॉन्चर, गोला बारूद, थर्मल इमेजर्स, बॉडी आर्मर्स शामिल हैं। इसके अलावा लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स और एवियोनिक्स और स्मॉल आर्म्स के हिस्से और घटक भी निर्यात होने वाले सैन्य सामग्री की सूची में शामिल हैं।

मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि भारत में निर्मित हल्का जेट लड़ाकू विमान तेजस की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह कई तरह की भूमिकाओं वाला लड़ाकू विमान है, जिसे हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सीट और एक जेट इंजन वाला हल्का युद्धक विमान है। यह बिना पूँछ का, कम्पाउण्ड-डेल्टा पंख वाला विमान है। तेजस के अलावा लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर, एयरक्राफ्ट कैरियर की भी विदेशों में हाई डिमांड है। भारतीय हथियारों की मांग सबसे ज्यादा लैटिन अमेरिकी देशों, अफ्रीकी देशों और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में हो रही है।

# सुरक्षाबलों ने नाकाम की घुसपैठ की कोशिश अखनूर में साथी का शव लेकर भागे तीन आतंकी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तरफ से आए आतंकियों ने एक बार फिर घुसपैठ करने की कोशिश की, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। अखनूर सेक्टर में हुई घुसपैठ की कोशिश के दौरान चार आतंकवादियों ने भारतीय इलाके में घुसने की कोशिश की। इस दौरान ड्यूटी पर मुस्तैद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और



जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। इसके बाद बचे हुए तीन आतंकी अपने साथी का शव घसीटते हुए लेकर सीमा पार भाग गए।

### गुरुवार को हुआ था हमला

बता दें कि गुरुवार को राजौरी/पुंछ में हुए आतंकी हमले में 4 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। आतंकी हमले में 3 से 4 आतंकवादी शामिल रहे। यह हमला डेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर किया गया। जिस तरह हमले को अंजाम दिया गया है उससे प्रतीत होता है कि आतंकियों ने हमले को अंजाम देने से पहले रेकी की थी और खुद पहाड़ी के ऊपर चले गए और फिर वहां से सेना के दो वाहनों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

आतंकियों ने धत्यार मोड़ पर हमला सुनियोजित तरीके से किया क्योंकि अंधा मोड़ और ऊबड़-खाबड़ सड़क के कारण इस जगह पर वाहनों की गति धीमी हो जाती है। गुरुवार को धत्यार मोड़ पर जब सेना की गाड़ियां की रफ्तार धीमी हुई तो आतंकियों ने अचानक उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकवादी उस स्थान से भागने में सफल रहे।

### सेना ने दी जानकारी

भारतीय सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'खौर, अखनूर के आईबी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की गई। 22/23 दिसंबर की रात को अपने निगरानी उपकरणों के माध्यम से चार आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद प्रभावी ढंग से गोलीबारी की गई। आतंकवादियों को एक शव को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार घसीट कर ले जाते हुए देखा गया।

### पुंछ में मिले तीन संदिग्ध शव

वहीं जम्मू के पुंछ में मुठभेड़ वाली जगह पर 3 लोगों के संदिग्ध हालात में शव मिले हैं। पुंछ के डिप्टी कमिश्नर चौधरी मुहम्मद यासिन और एसएसपी विनय कुमार मौके पर पहुंच चुके हैं। जम्मू डिवीजन के कमिश्नर रमेश कुमार भी घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस बीच राजौरी और पुंछ में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बनने लगा माहौल

# निरहुआ ने लांच किया नया गाना... 24 में फिर मोदी ही आएंगे



लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए माहौल बनने लगा है। राजनीतिक दल अपनी रणनीति बनाने और उसे लागू करने के लिए काम कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा सांसद और भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार निरहुआ ने यूट्यूब पर 24 में फिर मोदी ही आएंगे गाना लांच कर दिया है। इस गाने में मोदी सरकार की योजनाओं का जिक्र किया गया है।

आकर्षक संगीत से सजे इस गाने में मोदी सरकार की उपलब्धियां को बहुत ही कर्णप्रिय ढंग से बताया गया है। निरहुआ ने बताया कि यह गाना कॉपीराइट फ्री है, इसे कोई भी अपने चैनल पर उपयोग कर सकता है।

बता दें कि अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रभावशाली ढंग से जीत दर्ज कर माहौल अपने पक्ष में कर लिया है। भाजपा नेताओं का दावा है कि 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

# युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रही सरकार हिजाब पर लगा प्रतिबंध हटाने पर बोली भाजपा

**बंगलूरू (एजेंसी)।** कर्नाटक में स्कूलों में हिजाब पहनने और न पहनने को लेकर एक बार फिर राजनीति शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को स्कूलों में हिजाब पहनने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का एलान किया, जिसकी भाजपा ने कड़ी आलोचना की। कहा कि मुख्यमंत्री का यह फैसला शैक्षणिक स्थलों की 'धर्मनिरपेक्ष प्रकृति' के बारे में चिंता पैदा करता है। बता दें, सिद्धरमैया ने शुक्रवार को बताया था कि उन्होंने पहनावे और खाने की पसंद को निजी बताते हुए प्रतिबंध हटाने का आदेश दिया है।

इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रही है। उन्होंने आगे कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध वापस लेने का मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का फैसला हमारे शैक्षणिक स्थलों की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति को लेकर चिंता पैदा करता है।

### ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण

शिकारीपुरा के विधायक ने कहा, 'शिक्षण संस्थानों में धार्मिक पोशाक की अनुमति देकर सिद्धरमैया सरकार धार्मिक आधार पर युवाओं के दिमाग को बांटने को बढ़ावा दे रही है, जिससे समावेशी शिक्षा के माहौल में बाधा उत्पन्न हो सकती है। विभाजनकारी प्रथाओं पर शिक्षा को प्राथमिकता देना और एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है, जहां छात्र धार्मिक प्रथाओं के प्रभाव के बिना शिक्षाविदों पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

### राज्य में शरिया कानून की स्थापना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, 'कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। उन्होंने केवल हिजाब पर से प्रतिबंध नहीं हटाया है, बल्कि राज्य में शरिया कानून की स्थापना भी की है। अगर राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन देश में सरकार बनाते हैं, तो इस्लामी कानून लागू किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने हलाल पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। मैं बिहार के सीएम से भी प्रतिबंध लगाने को कहूंगा।' उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जहां-जहां भी होगी वहां इस्लामिक कानून धीरे-धीरे लागू हो जाएगा। हिजाब पर लगे प्रतिबंध को हटाने का भाजपा विरोध करती है।'

### गंदी राजनीति से बचा सकते थे



कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिद्धारमैया ने कहा है कि वह शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब की अनुमति देंगे। मुख्यमंत्री कम से कम शिक्षण संस्थानों को गंदी राजनीति से बचा सकते थे। अल्पसंख्यक या मुस्लिम समुदाय के किसी भी बच्चे ने हिजाब की मांग नहीं की है, लेकिन सीएम का दावा है कि वह स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में हिजाब की अनुमति देंगे। यह सीएम की मंशा को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह सिर्फतुष्टिकरण की राजनीति है और यह पूरी तरह से फूट डालो और राज करो की प्रथा है जिसका पालन कांग्रेस पार्टी करती है। हम इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं।

# भारत में कोरोना ने बढ़ाई चिंता: एक ही दिन में डबल हुए पॉजिटिव केस, 4 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 752 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,420 हो गई है। कल की तुलना में यह दोगुना से भी अधिक है। आपको यह भी बता दें कि देश में 21 मई 2023 के बाद से एक दिन में सामने आए कोरोना वायरस संक्रमण के ये सबसे अधिक मामले हैं।




केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ (4,50,07,964) है। देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत होने के कारण इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,332 हो गई है।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में केरल में दो तथा राजस्थान और कर्नाटक में कोविड-19 से एक-एक मरीज की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,71,212 हो गई है। स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है, वहीं मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

आंकड़ों के अनुसार, 58 देशों में कोविड-19 के कुल 22 हजार 205 पॉजिटिव मामलों में से 45 फीसदी (9,930) नमूने बीए.2.86 या इसके उपस्वरूप जैसे जेएन.1 के लिए सकारात्मक मिले हैं। इनमें आठ देशों डेनमार्क, स्पेन, सिंगापुर, बेल्जियम, नीदरलैंड, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और आयरलैंड में इकट्ठा किए गए 50 फीसदी से अधिक पॉजिटिव नमूनों में यह वेरिएंट मिला है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

Harsh Media Advertisers

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# इस सत्र का हासिल

सतरहवीं लोकसभा, बल्कि संसद का शीतकालीन सत्र जिस तरह से संपन्न हुआ, वह सत्ता पक्ष और विपक्ष, किसी के लिए बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता। वैसे तो हरेक सत्र से देश को एक सकारात्मक दिशा मिलने की अपेक्षा रहती है, मगर इस सत्र से खास उम्मीद थी, क्योंकि यह न सिर्फ नए संसद भवन का पहला पूर्णकालिक सत्र था, बल्कि यह लोकसभा अपने आखिरी पड़ाव पर है। इसका अगला सत्र बजट का होगा और उसके बाद तमाम सांसद आम चुनाव में चले जाएंगे। मगर दुर्योग से इसके हिस्से आजाद भारत के संसदीय इतिहास में सर्वाधिक सांसदों के निलंबन का नकारात्मक रिकॉर्ड तो दर्ज हुआ ही, यह संसद की सुरक्षा में सेंध की गंभीर चिंता भी छोड़ गया। निस्संदेह, सरकार इस सत्र में कई ऐतिहासिक विधेयकों को पारित कराने में सफल रही, खासकर आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय न्याय संहिता को पारित किए जाने के लिए इसे भावी पीढ़ियां याद करेंगी। मगर इनके साथ यह तथ्य भी नत्थी होगा कि जब यह विधेयक दोनों सदनों से पारित हो रहा था, तब विपक्षी बेंचें लगभग खाली थीं। यह एक सुखद तस्वीर नहीं हो सकती। संसद में गतिरोध या सत्ता पक्ष व विपक्ष में तनातनी कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह जीवंत लोकतंत्र का एक लाजिम पहलू है, मगर इसकी भी एक सीमा है और उसका ख्याल दोनों पक्षों को रखना पड़ता है। निस्संदेह, सदनों के संचालन में महती जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है और प्राय: संसदीय कार्य मंत्री की काबिलियत ही बेहतर 'फ्लोर मैनेजमेंट' के आधार पर आंकी जाती है। मगर विडंबना यह है कि हाल के वर्षों में केंद्रीय विधायिका की बात हो या फिर राज्य विधायिकाओं की, संसदीय गतिरोधों के दौरान अक्सर विभागीय मंत्रियों की सक्रियता उभरकर सामने नहीं आती। संसदीय कार्य मंत्रियों को चूंकि सभी दलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है, इसलिए वे अक्सर प्रतिपक्ष पर कटु राजनीतिक टिप्पणी करने से बचते हैं, मगर मौजूदा समय में ऐसी स्वस्थ परंपराएं अपना वजूद खो रही हैं, जिसका खामियाजा हमारे संसदीय लोकतंत्र को भुगतना पड़ सकता है। विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों से अपने निलंबन के विरोध में शुक्रवार को जंतर-मंतर पर धरना दिया और केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश की। मगर सवाल यह है कि इस सत्र को ऐतिहासिक बनाने के लिए क्या उन्होंने अपने श्रेष्ठ संसदीय आचरण का प्रदर्शन किया? विपक्ष की यह संसदीय जिम्मेदारी थी कि विभिन्न विधेयकों पर अपने विचारों से वह एक मुकम्मल कानून बनाने में संसद की मदद करता, मगर उसने मंत्री विशेष के बयान पर अड़कर रणनीतिक चूक की और सरकार के लिए रास्ता सुगम ही बनाया। फिर संसद के भीतर उसकी ओर से लगातार आसन को लक्षित किया जाता रहा और निलंबन के बाद संसद परिसर में जिस तरह से सभापति का निरादर किया गया, उसमें वह सत्ता पक्ष से किसी सौहार्द की अपेक्षा भी कैसे कर सकता था? इस पूरे सत्र के दौरान दोनों पक्षों से चूक हुई है और दोनों ने एक सुनहरा मौका गंवा दिया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष आगामी आम चुनाव के मद्देनजर अपनी-अपनी पृष्ठभूमि तैयार करने में भूल गए कि दोनों को एक-दूसरे की आगे भी जरूरत पड़ेगी। उनको नहीं भूलना चाहिए कि उनके आचरण पर भारतीयों की ही नहीं, बल्कि तमाम मुल्कों में लोकतंत्र की चाह रखने वाले लोगों की भी पैनी नजर रहती है।

> “ संसदीय कार्य मंत्रियों को चूंकि सभी दलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है, इसलिए वे अक्सर प्रतिपक्ष पर कटु राजनीतिक टिप्पणी करने से बचते हैं, मगर मौजूदा समय में ऐसी स्वस्थ परंपराएं अपना वजूद खो रही हैं, जिसका खामियाजा हमारे संसदीय लोकतंत्र को भुगतना पड़ सकता है।

## मिमिक्री तो देश की

थोक भाव से विपक्षी सांसदों को दोनों सदनों से निकाले जाने के बाद संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उसका वीडियो बनाते देखे गए। और इसके साथ ही सत्ता पक्ष को तमाम दूसरे मुद्दों से ध्यान भटकाने का बहाना मिल गया। तो उप-राष्ट्रपति के संवैधानिक पद, जाट और किसान सबके कथित अपमान के मुद्दे उछाल दिए गए। यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धनखड़ के समर्थन में बयान जारी किया और राज्यसभा में उसकी निंदा के लिए प्रस्ताव भी लाया गया। जवाब में विपक्ष ने प्रधानमंत्री की कुछ पुरानी भाव-भंगिमाओं और बयानों को सोशल मीडिया पर शेयर कर उन्हें मिमिक्री का उस्ताद बताने की मुहिम छेड़ दी। उधर मेनस्ट्रीम मीडिया ने अपने श्रोता वर्ग को इस बहस में उलझ दिया कि कौन ज्यादा बड़ा मिमिक्रीबाज है।

इस बीच संसद ने विपक्ष की गैर-हाजिरी में भारतीय दंड संहिता और साक्ष्य संहिताओं के नए तीन विधेयक पारित कर दिए। साथ ही लोकसभा ने टेलीकॉम बिल को मंजूरी दे दी। जाहिर है, इन सभी विधेयकों को बिना पर्याप्त संसदीय जांच-परख के पास कर दिया गया है, जबकि इनका प्रभाव देश के हर नागरिक पर पड़ेगा। मानव अधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पारित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता के बारे में कहा है कि इनसे भारत में अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ कार्रवाइयों में और बढ़ोतरी ही होगी। थिंक टैंक इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) ने कहा है कि नए कानूनों से कोई सुधार होना तो दूर, उनसे सरकार का नियंत्रण और सख्त होगा। आईएफएफ ने दूरसंचार विधेयक के बारे में कहा है कि इसके जरिए नई पैकेजिंग में औपनिवेशिक अतीत को प्रस्तुत किया गया है। इस बिल में निगरानी और इंटरनेट को सस्पेंड करने जैसे सरकार के सारे अधिकार बरकरार रखे गए हैं। तो मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के इतने महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया। क्या देश का इससे बड़ा कोई और मखौल उड़ाया जा सकता है?

## कांग्रेस को सब नसीहत दे रहे हैं

पांच राज्यों में से चार में चुनाव हारने के बाद कांग्रेस की स्थिति ऐसी हो गई है कि हर नेता उसको नसीहत दे रहा है। हर नेता उस पर सवाल उठा रहा है और कोई उसकी बात मानने को तैयार नहीं है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ईवीएम को लेकर एक प्रस्ताव मंजूर कराना चाहा लेकिन विपक्षी पार्टियों ने ऐसा नहीं होने दिया। लेकिन ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव दे दिया। यह सिर्फ कांग्रेस को घेरने की ममता और अरविंद केजरीवाल की रणनीति थी। वहां जब प्रस्ताव ठुकरा दिया गया तब भी दो दिन तक मीडिया से बातचीत में ममता कहती रहीं कि उन्हें खुशी है कि खड़गे विपक्ष का चेहरा बनेंगे।

वे इतने पर नहीं रूकी हैं। उन्होंने कांग्रेस को अब एक नई सलाह दे दी है। उन्होंने कहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा को वाराणसी लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहिए। सोचें, उनसे यह सलाह किसने मांगी थी? अगर ममता को उनकी पार्टी प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानती है तो ममता क्यों नहीं खुद वाराणसी से जाकर लड़ जाती हैं या पीएम बनने की महत्वाकांक्षा पाले हुए अरविंद केजरीवाल जब 2014 में वाराणसी लड़ने गए थे तो इस बार फिर क्यों नहीं जाकर वहां से चुनाव लड़ते हैं? बहरहाल, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने भी कांग्रेस को सलाह दी है कि वह पहले तय करे कि उत्तर प्रदेश में किसके साथ लड़ेगी, बसपा के साथ या कांग्रेस के साथ।

> “ कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट में सात जजों की बेंच में तीन जजों ने इस निर्णय पर असहमति जताई, लेकिन चार के बहुमत से यह अहम फैसला हुआ था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, 'अदालत ने बहुमत से यह पाया है कि 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत ट्रंप राष्ट्रपति कार्यालय के लिए अयोग्य हैं।' कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के जजों ने टिप्पणी की कि हमें कानून के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी अहसास है।

# आसान नहीं है ट्रम्प की अदालती राह



पुष्परंजन



सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड एथिक्स इन वाशिंगटन (संक्षेप में इसे क्रू बोलते हैं) एक कानूनी वकालत समूह है, जिसका रिमोट कंट्रोल चुनावी रणनीतिकार डेविड ब्रूक के हाथों में है। यह समूह स्वयं को पक्षपात रहित होने का दावा करता रहा है। ये सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी के लोग ही थे, जिन्होंने कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के जरिये डोनाल्ड ट्रंप को उस राज्य में राष्ट्रपति के रूप में चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करवाया है। ट्रंप के खिलाफ मुकदमेबाजी में 'सीआरईडब्ल्यू' के रणनीतिकार रेस के घोड़े की तरह आगे-आगे दिखते रहे हैं। लेकिन फॉक्स न्यूज ने खबर ब्रेक की है कि डेविड ब्रॉक ने 2017 में जो बाइडेन के लिए लॉबिंग की थी। अर्थात्, 'क्रू' निष्पक्ष नहीं है।

वर्ष 2017 से 2021 के बीच सिटीजन्स फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी के दो प्रमुख दिग्गजों जार्ज सोरेस और डेविड ब्रुक ने 2.85 मिलियन डॉलर का इंतज़ाम जो बाइडेन विक्टरी फंड के लिए किया था। यदि फॉक्स न्यूज की ब्रेकिंग स्टोरी सही है, तो मानकर चलिये कि ट्रंप के खिलाफ कोलोराडो कोर्ट के फैसले में बहुत सारे झोल हैं, और उसे निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता। जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के पूर्व काउंसिल जनरल बेथ नोलन, जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के वकील के रूप में भी काम किया था, 'क्रू' बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के अध्यक्ष की भूमिका में रहे हैं। संघीय चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार, नोलन ने 2020 में जो बाइडेन विजय अभियान के लिए 2,800 डॉलर, और जो बाइडेन विक्टरी फंड के लिए 3,000 डॉलर भेजे थे। नोलन के अलावा, क्रू के उपाध्यक्ष, वेन जॉर्डन ने 2020 में जो बाइडेन विक्ट्री फंड में 300,000 डॉलर का ट्रांसफर कराया था। जॉर्डन ने डेमोक्रेट मेगाडोनर क्विन डेलाने से शादी की है, जिन्होंने पिछले चुनाव के दौरान जो बाइडेन विजय निधि में 650,000 डॉलर जोड़े थे।

कोलोराडो अमेरिका के मध्य-पश्चिम में अवस्थित राज्य है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह अमेरिका का 8वां और जनसंख्या के आधार पर 22वां सबसे बड़ा राज्य है। 20 दिसंबर, 2023 को कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट (इसे हाईकोर्ट समझा जाए) ने डोनाल्ड ट्रंप को अपने राज्य में चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने उस जिला अदालत के फैसले को पलटा है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल पर दंगे-फसाद में उपद्रवियों को हमले के लिए उकसाया था, लेकिन उन्हें राष्ट्रपति चुनाव से बाहर नहीं किया जा सकता। ज़िला अदालत ने अपने फैसले में कहा था, 'यह स्पष्ट नहीं है कि कानूनी प्रावधान राष्ट्रपति चुनाव पर लागू होते हैं या नहीं, इसलिए ट्रंप को संदेह का लाभ दिया जा सकता है।

सवाल है, कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के फैसले से क्या ट्रंप अमेरिकी चुनाव से बाहर हो जाएंगे? अधिकारियों का कहना है कि 5 जनवरी, 2024 तक इस मामले पर देश की सर्वोच्च अदालत 'फेडरल सुप्रीम कोर्ट' का फैसला आना जरूरी है, क्योंकि राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्राइमरी बैलट छापने की वह अंतिम तारीख है। कोलोराडो कोर्ट के इस अहम? फैसले का मतलब यह होता है कि ट्रंप केवल कोलोराडो राज्य में राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार नहीं हो सकते। कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राज्य के प्राइमरी बैलट से ट्रंप का नाम हटा दिया है। ऐसा पहली बार हुआ कि अमेरिकी संविधान में हुए 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को अयोग्य करार किया गया है।

कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट में सात जजों की बेंच में तीन जजों ने इस निर्णय पर असहमति जताई, लेकिन चार के बहुमत से यह अहम फैसला हुआ था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, 'अदालत ने बहुमत से यह पाया है कि 14वें संशोधन की धारा 3 के तहत ट्रंप राष्ट्रपति कार्यालय के लिए अयोग्य हैं।' कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के जजों ने टिप्पणी की कि हमें कानून के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी अहसास है। जनता की प्रतिक्रिया से प्रभावित हुए बिना, किसी डर या पक्षपात के बगैर हम इस फैसले पर पहुंचे हैं।

लेकिन इससे अलग ट्रंप की पार्टी ने अपने ईमेल में कोर्ट के फैसले की आलोचना की है। मेल में इसे 'निरंकुश निर्णय' बताया गया। कोलोराडो कोर्ट का फैसला आने के बाद मंगलवार को ट्रंप ने एक रैली को संबोधित किया था। लेकिन आयोवा प्रांत के वॉटरलू में हुई रैली में उन्होंने फैसले का कोई जिक्र नहीं किया था। एक बात और, 2020 में जब राष्ट्रपति चुनाव हुए थे, तो कोलोराडो में ट्रंप की 13 फीसदी मतों से हार हुई थी। बावजूद इसके, ट्रंप उस राज्य में राष्ट्रपति चुनाव जीत गए थे। इसलिए यह कह सकते हैं कि देश की सर्वोच्च अदालत 2016 का चुनाव लड़ने का आदेश ट्रंप को यदि दे देती है, तो कोलोराडो के मतों की जरूरत शायद उन्हें न पड़े।

यों, डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन-झुकाव वाले 52 फीसद स्वतंत्र पंजीकृत मतदाताओं की पहली पसंद हैं। जब इसकी रायशुमारी हुई, रॉन डीसेंटिस को 14 प्रतिशत, निक्की हेली को 11 प्रतिशत, विवेक रामास्वामी को तीन फीसद और क्रिस क्रिस्टी को केवल एक प्रतिशत स्वतंत्र पंजीकृत मतदाताओं ने क्रमवार पसंद किया था। इसलिए ट्रंप पर संघीय सुप्रीम कोर्ट की गाज़ यदि गिरती है, तो रॉन डीसेंटिस और निक्की हेली का नंबर क्रमश: आता है। लेकिन ये दोनों रिपब्लिकन के कमज़ोर प्रत्याशी साबित होंगे। डेमोक्रेट ऐसा ही चाह रहे हैं, ताकि 2024 के चुनाव में अब तक के सबसे बुजुर्ग प्रत्याशी जो बाइडेन दोबारा से ताज हासिल कर लें।

वैसे, पीईडब्ल्यू रिसर्च सेंटर का एक सर्वे दिलचस्प है, जिसमें पता चला कि हाई स्कूल या उससे कम शिक्षा वाले 66 प्रतिशत रिपब्लिकन मतदाता डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन करते हैं, जबकि हाई स्कूल की डिग्रियों वाले 53 फीसद, चार साल की कॉलेज उच्च डिग्री वाले 37 प्रतिशत और स्नातकोत्तर डिग्री वाले 34 फीसद मतदाता डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन करते हैं। यानी, उच्च शिक्षित लोग ट्रम्प को उतना पसंद नहीं करते।

सबके बावजूद, साल 2024 ट्रम्प के लिए सहज नहीं है। ट्रम्प के खिलाफ शुरू होने वाले मुकदमों में वो फैमिली बिजनेस है, जिसमें उनके बेटे धोखाधड़ी के मामले में संलिप्त पाये गये थे। फैमिली बिजनेस वाले गड़बड़झाले में ट्रम्प भी शामिल हैं। ट्रम्प के विरुद्ध 2020 चुनाव हारने के दौरान गुंडई करने, यौन उत्पीड़न और मानहानि का मुकदमा भी है। न्यायाधीश ने निष्कर्ष निकाला कि ट्रम्प ने महिला स्तंभकार के साथ अनुचित संबंध बनाए और फिर इससे इनकार किया। वर्ष 2024 के मुकदमे में यह तय होना है कि ट्रंप को लेखिका को बदनाम करने के लिए कितना भुगतान करना होगा। सबके बावजूद ट्रम्प को भारत का एक बड़ा हिस्सा पसंद करता है। उसकी वजह है, हाउडी मोदी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# जब आपकी सरकार थी तब क्या किया

बलराम जाखड़, तत्कालीन कृषि मंत्री



अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद और धन्यवाद मेरे माननीय सदस्यों का, जिन्होंने 18 घंटे तक प्रयास किया और इस विषय पर इतने लाभदायक और उद्देश्य से भरपूर विचार रखे। ...70 सदस्य इस पर बोले हैं।...

अभी माननीय वी पी सिंह साहब ने कहा था कि अच्छा हो कि मुझे यह बताएं और आश्वासन दें कि आप कृषि नीति बनाएंगे, लेकिन भगवन, पहले तो मैं आपसे ही विनती करना चाहूंगा, क्षमा करेंगे कि आपके पास समय भी था, आपने बनाया भी था, मैंने देखा भी है रिकॉर्ड में। ...आप आज जो आश्वासन मुझ से मांगते हैं, वह आप कर सकते थे, लेकिन आपके कथनानुसार मैं कोशिश करूंगा कि मैं वह पूरा करूं...।

सबसे बड़ा मुद्दा यहां वी पी सिंह साहब ने उठाया और मैंने पहले भी कहा था कि जो आपकी ऋण नीति थी, जिससे लोगों को ऋण करने वाली बात आपने की थी, आपने कहा था कि हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे, मैंने उसके लिए कहा कि यह गलत नीति है। ...दवा दी गई, पर वह दवा उल्टा काम कर गई। ज्यों-ज्यों दवा की, मर्ज बढ़ता ही गया। भगवन, आपने जो दवा दी, उस दवा ने फायदा नहीं किया। अब कितने आदमियों को आपने दवा दी, लाख, दो लाख करोड़, लेकिन बाकी 50 करोड़ को क्या हो गया? ...

3 हजार 7 सौ करोड़ रुपये के हम ऋण दिया करते थे, इसके बाद 3 हजार पर आ गए, कहां गया और किसको दिया गया, मैं पूछना चाहता हूं, वी पी सिंह साहब ने यह नहीं देखा? ...सीधी सी बात है कि एक बात जो मैं सोच लूं, वह सही नहीं हो सकती, वह गलत हो सकती है, उसका असर भी गलत हो सकता है। एक डॉक्टर है, वह गलत जांच करता है, गलत दवा देता है, तो आदमी उससे मर भी जाता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि यह पैसा किसान को और तरीके से भी दिया जा सकता था। ...हमारे आदमी भी कहते हैं, हमारी पार्टी भी कहती है कि कर्जा माफ होना चाहिए, लेकिन मैंने कहा कि नहीं, यह गलत है। मैंने अपनों की सिफारिश नहीं की, इन्होंने भी कहा था कि हमें भी माफकरना चाहिए, लेकिन मैं गंभीरता से सोचता हूं और इसे उचित नहीं समझता, गलत समझता हूं। ...मैं समर्थन नहीं कर सकता और आप यह कहते हैं कि मैं इसको कर दूं?...

किसान को सतत गंगा के नीर की तरह से जल मिलता रहे, उसका स्वास्थ्य बनता रहे, वे अपने पैरों पर खड़े हों, यह काम करना चाहिए, यह मैं देना चाहता हूं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता कि उनको एक खुराक देकर एक बैसाखी के सहारे खड़ा कर दूं, नहीं, मैं ऐसा नहीं करना चाहता हूं। मैं किसानों को आदर देना चाहता हूं, उनके सम्मान की रक्षा करना चाहता हूं, लेकिन दूसरे ढंग से...।

मेरी बात सुन लीजिए। मैंने आपकी बात सुनी है। मेरी दलील सुन लीजिए। मैं चाहता हूं कि हम सारे के सारे किसानों के फायदे की बात करें, लेकिन मिलकर करें और ऐसे करें, जिससे उनके घर में पानी पहुंचता रहे, खेती पकती रहे और हमेशा, हर साल उनको पैसा मिलता रहे। ...हमारा विचार किसान को स्वावलंबी बनाना है, हम उसको किसी पर आश्रित नहीं होने देना चाहते हैं। ...उनको आजादी देना चाहता हूं। उनका जो हक है, वह उन्हें देना चाहता हूं।...

खाद के बारे में आपने पूछा है, मैं बताना भूल गया। आपने कहा था कि कारखाने वाले 12 प्रतिशत ज्यादा पैसा ले रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप तीन दशक के हमारे साथी हैं, आप अच्छे काम के भी बराबर के हकदार हैं और बुराई के भी बराबर के हकदार हैं। आप मुख्यमंत्री रहे हैं। आप वित्त मंत्री भी रहे हैं, आपकी भी उतनी ही भागीदारी है, जितनी हमारी है।...

आप जितने प्रशंसा के हकदार हैं, उतना ही डंडे खाने के भी हकदार बनें। मैं कहना चाहता हूं कि जो बिगड़ा हुआ बच्चा है, जिसको पाल-पोसकर आपने बड़ा किया है, उसकी आदत खराब कर दी है। उन आदतों को ठीक करने के लिए मैं एक हाउस कमेटी बनाना चाहता हूं, जो यह देखे कि उनका असली खर्चा कितना होता है, उत्पादन खर्च कितना आता है और कितना हमसे वसूल करते हैं। साथ में एक विशेषज्ञ होगा, जो यह देखेगा। ...मैंने कह दिया है, देरी किस बात की है, चट मंगनी पट ब्याह। एक नई बात बनेगी। मैं उनका हिसाब बैठाऊंगा, जितना किसानों का बनता है, उतना उनको देंगे। ...बिगड़े हुए बेटे को सुधारने के लिए स्कुल में दाखिला करवाकर डंडे का प्रयोग भी करेंगे।...

**(लोकसभा में दिए गए भाषण से)**

# हमें किसानों को कभी भूलना नहीं चाहिए

विश्वनाथ प्रताप सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री व सांसद



कहने की जरूरत नहीं कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की मुख्य धारा है। कृषि तथा उद्योग, दोनों में गहरा संबंध है। हमारे विचार से विरोधात्मक संबंध नहीं है। एक का कल्याण दूसरे के कल्याण को सुदृढ़ करता है। यदि सूखा पड़ता है, तो उद्योग को भी हानि होती है। फसल अच्छी होती है, तो उद्योग भी फलते-फूलते हैं।...

कृषि हमारी अर्थव्यवस्था का आधार रही है। एक समय था, जब हम गेहूं का आयात करते थे। हमारी आर्थिक स्वतंत्रता के लिए वह एक गंभीर चुनौती थी। देश को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने का श्रेय इस देश के किसानों को जाता है कि उन्होंने कठोर-परिश्रम करके अपना योगदान किया है। आज भारत की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है और वहां कृषि एक मुख्य व्यवसाय है। इसलिए इतने महत्व का विषय होने के नाते, इस पर व्यापक विचार करने से पूर्व कृषि के बारे में इसके पूर्व परिप्रेक्ष्य पर एक पावन दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, इसलिए कृषि में राष्ट्रीय भागीदारी की आवश्यकता है।...

साल 1956 में हमने औद्योगिक नीति संबंधी संकल्प पास किया था। बाद में आई विभिन्न सरकारों के लिए यह दिशा-निर्देश बना। यह आश्चर्य की बात है कि भारत के एक कृषि प्रधान देश होने के बाद भी हमने अभी तक राष्ट्रीय कृषि नीति नहीं अपनाई है। हमारी पार्टी ने ही सबसे पहले अपने घोषणापत्र में इस बात का उल्लेख किया था कि राष्ट्रीय कृषि नीति अवश्य होनी चाहिए। केवल यही नहीं, जब राष्ट्रीय मोर्चा सरकार आई, तो हमने उन लोगों को शामिल किया, जो किसान आंदोलन से जुड़े थे। ... मैं कृषि मंत्री से इस आशय का आश्वासन चाहूंगा कि सरकार कृषि संबंधी राष्ट्रीय नीति लागू करेगी, ताकि सरकार के बदलाव के साथ-साथ किसानों का भविष्य, उनका भाग्य बंधा न रह जाए, बल्कि सरकार द्वारा जारी निश्चित दिशा-निर्देशों के साथ आश्वस्त रहें, भले ही सरकार कोई भी हो, और यह केवल किसानों के ही हित में नहीं, बल्कि समूची अर्थव्यवस्था के हित की बात है। ...

राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने यह भी घोषणा की थी कि अगला दशक किसान को समर्पित होगा और इस दशक को किसान दशक घोषित किया गया था। हम 21वीं सदी में प्रवेश करने जा रहे हैं, हमें किसान को नहीं भूलना है। हमें इस शताब्दी का अंतिम दशक किसानों को समर्पित करना चाहिए, ताकि जब हम 21वीं सदी में प्रवेश करें, तो अगली सदी में होने वाली वृद्धि व प्रगति के साथ-साथ किसान भी प्रगति करें।...

मैं कृषि मंत्री द्वारा अपने वक्तव्य में कही गई इस बात से बिल्कुल असहमत हूं कि किसानों को दिए जाने वाले ऋण हानिकारक हैं। ...ऐसा नहीं है कि आप केवल खैरात बांट रहे हैं। ...किसानों को राहत देने का यही तरीका था। ऐसा करके उन्होंने व्यापार संबंधी शर्तों में सुधार करवाया। हमने वह सब करने की कोशिश की, हम ऋणों को बार-बार देते नहीं रहेंगे, लेकिन एक बार गलती के लिए पश्चाताप करने से, सुधरने के लिए वक्त मिल जाता है। मैं समझता हूं कि ऋण माफी के बारे में निर्णय लेने के पीछे यही इरादा था। मैं समझता हूं कि सरकार इसे लागू करेगी। ...बेहतर होगा, जो कुछ हम समाचार पत्रों में पढ़ते हैं, उस बारे में यहीं सदन में मंत्री जी कम से कम गलती ठीक कर लें।...

आप शुरू कीजिए। आप हमसे अच्छा काम कीजिए और यही हम उम्मीद कर रहे हैं, किसानों का काम हो। ...यदि हम उर्वरक पर राजसहायता को देखें, तो इसका स्वरूप क्या है? उर्वरक उद्योग को कर की कटौती के बाद 12 प्रतिशत लाभ की गारंटी देना सुनिश्चित किया गया है। सिर्फ यही उद्योग है, जहां सरकार ने ऐसा आश्वासन दिया है। ...हम किसे राजसहायता दे रहे हैं? हम अकुशलताओं, निर्णयों, गलत नीतियों को राजसहायता दे रहे हैं। ...अकुशलता को कृषि क्षेत्र में हस्तांतरित करने की चेष्टा की जा रही है।...

अत: यहां मैं यह कहूंगा कि उर्वरक के मूल्य बढ़ाने का सरकार का यह निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह न केवल मेरी सलाह है, अपितु मांग भी है उर्वरक के मूल्यों में जो वृद्धि की गई है, वह रद्द कर दी जाए और अर्थव्यवस्था की केंद्र बिन्दु कृषि की रक्षा की जाए। आत्मनिर्भरता एवं वृहत्तर नियोजन सुनिश्चित करने के लिए यही एकमात्र रास्ता है। साथ ही, इससे जो समूह गांव में रहते हैं, वह कुछ आशा कर सकते हैं।

**(लोकसभा में दिए गए भाषण से)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कोरोना के नए वेरिएंट जेएन प्वाईंट वन से रहना होगा सावधान : डा.एचएन केशरी

**कोरबा।** कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के वायरल होने की आशंका बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों को सतर्क रहने के साथ ही पूर्व में बनाए गए कोविड गाइड लाइन का पालन करने कहा जा रहा है। बीमारी के लिए अनुकूल मौसम होने से लोगों सर्दी-जुकाम से बचने की सलाह दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.एचएन केशरी ने बताया केरल के कुछ हिस्सों में कोरोना के मामले बढ़े हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ में नए वेरिएंट की पहचान नहीं हुई है, लेकिन जिला स्तर पर सावधानी बरतने की जरूरत हैं। नए साल और त्यौहार को देखते हुए कोविड संक्रमण पर रोक लगाने के लिए मेडिकल हास्पिटल और क्लीनिकल हेल्थ मरीजों की जांच की जाए। उन्होंने बताया कि नए वेरिएंट को लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया है। कोविड के समय जिन संसाधन का उपयोग किया जा रहा था उन्हें फिर से तैयार किया जा रहा है। अधिकारी केसरी ने यह भी बताया कि ठंड का असर बढ़ने से वर्तमान में वायरल होने की संभावना है, ऐसे में जिन लोगों को लंबे समय से सर्दी खांसी है उन्हे आरटीपीसीआर जांच कराना उचित होगा ताकि सेंपल को को रायपुर भेजा जा सके।

### जिले के 8 ग्रामों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन

**राजनांदगांव।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज जिले के 8 ग्रामों में पहुंची। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम इंदावानी व बैगाटोला, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बिल्हरी व सेम्हरा, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोहड़ व कोहका मो. तथा छुरिया विकासखंड के ग्राम महाराजपुर व रामपुर शामिल हैं। कार्यक्रम में ग्रामीणों में गजब का उत्साह दिखा। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ ली। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। धरती कहे पुकार के कार्यक्रम के तहत जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया।

# एस आर हॉस्पिटल में शुरू हुए पैरामेडिकल कोर्स दुर्ग-भिलाई के स्टूडेंट्स के लिए सुनहरा मौका

**सरकारी नौकरी में मिलेगी प्राथमिकता, पैथालॉजी लैब टेक्निशियन, एक्स रे टेक्निशियन व ऑपरेशन थयेटर टेक्निशियन कोर्स की मिलेगी ट्रेनिंग**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग जिले के सबसे बड़े निजी चिकित्सालय एस. आर. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर चिखली धमधा रोड़ दुर्ग में छ.ग.शासन के पैरामेडिकल कोर्स भी शुरू हो चुका है। अस्पताल प्रबंधन को छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के अधिनस्थ छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउन्सिल द्वारा पैरामेडिकल पाठयकम संचालन करने की अनुमति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ शासन द्वारा अनापत्ति प्रदान करने के पश्चात छ.ग.पैरामेडिकल काउन्सिल द्वारा विधिवत अनुमति दी गई है।

पैरामेडिकल कोर्स के संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के मेडिकल सुप्रीटेन्डेन्ट व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस पी केसरवानी ने बताया कि छ ग शासन के पैरामेडिकल काउन्सिल द्वारा एस.आर. हॉस्पिटल को पैथालॉजी लैब टेक्निशियन, एक्स रे टेक्निशियन, ऑपरेशन थयेटर टेक्निशियन कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गई है। जिसमें पैथालॉजी लैब टेक्निशियन की 20 सीटें व एक्स रे टेक्निशियन की 30 सीटें व ऑपरेशन थयेटर टेक्निशियन की 30 सीटें है। इस प्रकार दुर्ग संभाग में एस.आर. हॉस्पिटल में छ ग पैरामेडिकल कार्स के लिए सर्वाधिक 80 सीटें हैं। डॉ केसरवानी ने बताया कि यह पाठ्यक्रम एक वर्षीय सर्टीफिकेट कोर्स है। जिसका पंजीयन छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउन्सिल में होता है। इस कोर्स में 10+2 पैटर्न में बारहवी या समकक्ष बायोलीजी पैरामेडिकल काउन्सिल द्वारा ग्रुप (फिजिक्स, केमेस्ट्री एवं बायोलॉजी) के छात्र एवं छात्राएं ही प्रवेश ले सकते हैं।

वर्तमान में इन सभी कोर्सेस के लिए प्रवेश प्रांरभ है। प्रवेश की अंतिम तिथी 30 दिसम्बर 2023 है। कोर्स में प्रवेश लेने के लिए 10 वी एवं 12 वी मार्कशीट व आई डी प्रूफ व अन्य दस्तावेज की आवश्कता होगी। छात्र-छात्राओं के लिए अस्पताल में ही हॉस्टल व मेस की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

### अनुभवी डॉक्टर व सिनियर टीचर्स देंगे प्रशिक्षण

डॉ केसरवानी ने बताया कि सभी छात्र व छात्राओं को अनुभवी डॉक्टर व सिनियर टीचर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। स्वंय के 180 बिस्तरों के अस्पताल में प्रेक्टीकल कराया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अस्पताल में छात्र व छात्राओं को इर्न्टनशीप करने की सुविधा भी दी जाएगी। डॉ केसरवानी ने बताया कि कोर्स पूरा होने के बाद जॉब प्लेसमेन्ट की सुविधा भी दी जाएगी। छात्र अपनी सुविधा अनुसार नौकरी का चयन भी कर सकते हैं। यही नहीं एस आर हॉस्पिटल में छात्र-छात्राओं के लिए सेन्ट्रल लाइब्रेरी व डिजीटल लाईब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध है।

### कोर्स पूरा होने के बाद प्रतिष्ठित अस्पतालों में मिलेगा सेवा मौका

डॉ केसरवानी ने यह भी बताया कि पैरामेडिकल पाठ्यकम के पश्चात सरकारी नौकरी के साथ देश के प्रतिष्ठित अस्पतालो में मरीजो की सेवा करने का अवसर निश्चित रूप से मिलता है। शासकीय प्रयोगशाला में पैथालॉजी लैब टेक्निशियन की मांग निरन्तर बनी रहती है। एस आर हॉस्पिटल 180 बिस्तरो का दुर्ग जिले का सबसे बडा निजी अस्पताल है। अस्पताल को आयुष्मान भारत, रेलवे, सीजीएचएस, सीएसपीडीसीएल व अन्य सभी शासकीय कर्मचारियों के ईलाज के लिए मान्यता प्राप्त है। क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ ट्रामा सेन्टर होने के कारण अस्पताल में गंभीर मरीज उपचार व ऑपरेशन के लिए निरन्तर भर्ती होते है।

### छात्र-छात्राएं इस सुनहरे अवसर का लाभ लें : संजय तिवारी (चेयरमेन)

एस. आर. अस्पताल के चेयरमेन संजय तिवारी ने मेडिकल फील्ड में सेवा देने के इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि मेडीकल के क्षेत्र में कॅरियर बनाने का यह एक सुनहरा अवसर है जिसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। संजय तिवारी ने यह भी बताया कि वैश्विक महामारी कोविड के संकमंण में पूरे विश्व में डॉक्टर्स, नर्सेस, टेक्निशियन व अस्पताल की टीम ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मानव सेवा की है। जिसके कारण समाज में देवदूत जैसे सम्मान जनक शब्दो से भी सम्बोधन किया जाता है। मेडीकल फिल्ड अत्यन्त ही सम्मानजनक फिल्ड है । आज प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. एस पी केसरवानी, विजय गवान्डे, जे एन पाण्डेय, मनोज साहू मो जाकीर, राजेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## खेती के नवाचारों से किसान हो रहे अवगत


श्रीकंचनपथ न्यूज




**बिलासपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितग्राहियों को न केवल योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया जा रहा है, अपितु किसानों को खेती-किसानी के नवाचारों से भी अवगत कराया जा रहा है। इन नवाचारों का खेती-किसानी में उपयोग कर किसानों के समय और धन की बचत होगी। कोटा ब्लॉक के ग्राम कुंवारीमुड़ा व पंडरापथरा में ड्रोन से फसलों में नैनों यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। किसानों ने इसे अदभुत और बहुत ही उपयोगी बताया।

उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में ड्रोन के जरिए नैनों यूरिया का फसलों में परणीय छिड़काव का प्रदर्शन कर किसानों को इसके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कोटा ब्लॉक के गांव कुंवारीमुड़ा में किसान डेरहया राम साहू, पंडरापथरा में किसान गौरीशंकर वर्मा एवं बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ी में और सिलपहरी में ड्रोन के जरिए किसानों के फसलों में नैनों यूरिया का छिड़काव किया गया। ड्रोन के जरिए नैनों यूरिया का एक एकड़ में छिड़काव 05 से 07 मिनट में हो जाता है और 500 एमएल नैनो यूरिया लगता है। वहीं सामान्य रूप से यूरिया का छिड़काव करने में 40 से 45 किलो की एक बोरी लगती है और पूरे दिन का समय लगता है। इससे किसानों के समय, धन और श्रम की बचत होगी। नैनों यूरिया के प्रयोग से यूरिया का अधिकतम उपयोग फसलों द्वारा होता है। ग्रेन्यूलर यूरिया को कम से कम उपयोग करने और इस नवाचार के प्रयोग के लिए जिले के किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों ने भी इस पद्धति को उपयोगी और खेती किसानी के लिए वरदान बताया।

## आम लोगों की समस्या को दूर करने सहित अवैध शराब, जुआ सट्टे को तत्काल रोकें : मुख्यमंत्री




श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्रीगण अरूण साव, विजय शर्मा की अध्यक्षता में आज सभी जिला कलेक्टर, स्वास्थ्य अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश में बढ़ रहे कोरोना को लेकर विचार विमर्श एवं दिशा निर्देश जारी किए गए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में कानूना व्यवस्था का पालन उचित स्तर पर हो। साथ ही अवैध रूप से संचालित शराब, जुआ, सट्टा तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री गण अरुण साव एवं विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज हो। साथ ही ग्रामीणों व आम लोगों के कामों को शीघ्र किया जाए, किसी भी तरह का हीलाहवाला न हो। विष्णुदेव साय ने 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाने के निर्देश दिए। सभी गांवों में स्थापित अटल चौक को रंग रोगन किया जाए तथा साफ सफाई बेहतर तरीके से करने के निर्देश भी दिए गए। साय ने मुख्य सचिव तथा कलेक्टरों से कहा कि अपने मातहत राजस्व अधिकारियों को निर्देश करें कि किसानों के नामांतरण, बटांकन, सीमांकन जैसे कार्य अब जल्दी से हो, इस पर तत्काल अमल करने के निर्देश दिए गए।

इसी दिन किसानों को वर्ष 2014 15 एवं 2015 16 का बकाया धान का बोनस राशि वितरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया कि देश में लगातार कोरोना के प्रभाव बढ़ रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रदेश के जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कोरिया में कोरोना को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी की हुई है। ई.सीटी.एच. कंचनपुर, एसईसीएल अस्पताल चरचा, जिला अस्पताल बैकुंठपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना तथा सोनहत में मरीजों के लिए 169 बिस्तर का अस्पताल है, वहीं आईसीयू 41 है, ऑक्सीजन युक्त बिस्तर 79, सामान्य बिस्तर 41 बच्चों के लिए आईसीयू 25, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर 78 तथा पाइप लाइन 103 है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेंगर उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए निकाली गई रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज




**कवर्धा।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से मिशन वात्सल्य अंतगर्त चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत बेंदरची जाकर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया। बाल संरक्षण अधिकारी राठौर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया। इसके बाद 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए इसके अनुसार किसी लड़के या लड़की की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी के लिए लड़की का उम्र 18 वर्ष और लड़की का उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। महिला संरक्षण अधिकारी नीतिका डडसेना ने बच्चों मिशन शक्ति के बारे में बताया। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में बताते हुए शपथ दिलाई। परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली नि:शुल्क फोन आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए नि:शुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं।

जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य कमलेश्वरी ठाकुर, शिक्षिका पुष्पांजलि चंद्राकार, पूर्णिमा चंद्रवंशी, सानेजरहा शिक्षिका शासकीय हाई स्कूल बेंदरची, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 महेश निर्मलकर, सखी वन स्टाफ सेंटर कवर्धा कविता साहू, सुपरवाइजर रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव, परमेश्वरी धुर्वे, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश साहू, श्याम धुर्वे, नितिन किशोरी वर्मा, आउटरीच वर्कर एवं स्कूल के सभी शिक्षक, बच्चे व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा विद्युत ऊर्जा संरक्षण पखवाड़ा मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल मे प्रति वर्ष कि तरह इस वर्ष भी 07 दिसंबर 2023 से 21 दिसंबर 2023 तक विद्युत ऊर्जा संरक्षण पखवाड़ा मनाया गया । जिसके अंतर्गत मंडल विद्युत (सामान्य) कार्यालय द्वारा रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, प्रशासनिक भवनो, कार्यालयो मे विद्युत ऊर्जा संरक्षण स्लोगन, जागरूकता हेतु पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन किया गया ।

इसी कड़ी में विधुत ऊर्जा संरक्षण के लिये भिलाई मार्शलिंग यार्ड, चरोदा मे आयोजित कार्यक्रम मे माननीय अपर मंडल रेल प्रबंधक राजेंद्र कुमार साहू , वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी,डी एन बिसवाल, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण ) अनुराग तिवारी, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर रवि शंकर गोयल एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर महावीर कुमार जैन कि उपस्थिति मे नुक्कड़ नाटक एवं विभागीय प्रश्नोतरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से आम नागरिको को विद्युत ऊर्जा संरक्षित करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और उपस्थित आम नागरिकों , विभीगीय कर्मचारियों को विद्युत ऊर्जा को संरक्षित करने हेतु शपथ दिलाई गई ।

इस पखवाड़ा मे विद्युत ऊर्जा बचाने के सामान्य अनुदेश, बचत के तरीके एवं दिन के समय सूर्य के प्रकाश का उपयोग करने तथा जरूरत न हो तो लाइट, पंखा बंद करने एवं एसी का उपयोग 24एष्ट से 25एष्ट मे करने का सुझाव दिया गया तथा अधिक से अधिक एल ई डी बल्ब, BLDC पंखो एवं सौर ऊर्जा उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टरों के साथ की वीसी
# प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

**पहली कैबिनेट बैठक में ही हुआ था 18 लाख आवास बनाने का निर्णय, कानून-व्यवस्था और राजस्व मामलों पर दिए सख्त निर्देश**

### प्रदेश में हो कानून का राजः सीएम विष्णुदेव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों से पहली बार मुखातिब हुए। उन्होंने सभी कलेक्टरों को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की सूची जल्द तैयार करने के निर्देश दिए ताकि शीघ्र ही इनका निर्माण किया जा सके। उन्होंने प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज दिखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने जुआ, सट्टा, अवैध शराब और अपराध पर नियंत्रण के लिए कड़ी कार्रवाई करने को कहा। श्री साय ने राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण भी तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फौती, जाति प्रमाण पत्र, सीमांकन और नक्शा दुरूस्तीकरण जैसे कामों को लेकर जनता से किसी भी तरह की शिकायत नहीं आनी चाहिए। बिना किसी लेन-देन के लोगों के काम तेजी से होने चाहिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में नालियों और गलियों की साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा तथा मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में नई सरकार के गठन होते ही 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने और 12 लाख किसानों को दो वर्ष के बकाया बोनस की राशि देने का बड़ा फैसला लिया गया है। उन्होंने आवास के लिए पात्र सभी लोगों की सूची तत्काल तैयार करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए। श्री साय ने आगामी 25 दिसम्बर को प्रदेश में मनाए जाने वाले सुशासन दिवस की तैयारी के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।



### मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कोरोना के वर्तमान स्थिति की समीक्षा भी की

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी कलेक्टरों के साथ प्रदेश में कोरोना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा भी की। उन्होंने देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए इससे बचाव और रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना के संभावित लक्षण वाले लोगों के सैम्पल की जांच प्रतिदिन ज्यादा-ज्यादा से संख्या में करने को कहा। उन्होंने कोरोना के इलाज के लिए जरूरी व्यवस्थाओं की जांच के लिए अस्पतालों में मॉक-ड्रिल भी करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में सभी कलेक्टरों से कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। प्रदेशवासियों को किसी भी तरह की तकलीफ न हो। शासन की हर योजना लोगों तक अच्छे तरीके से पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी योग्यता और क्षमता का उपयोग जनता के हित में करें। विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से रूके हुए कार्यों पर विशेष ध्यान दें। लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर आप लोग नई ऊर्जा और उत्साह से काम करेंगे, ऐसी अपेक्षा मैं करता हूं।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीसी में कहा कि सरकार गठन के शुरूआती आठ दिनों में ही राज्य में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। शासन और प्रशासन को मिलकर इन फैसलों का लाभ लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के बाद 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाना है। वीर बाल दिवस के माध्यम से बच्चों में वीरता का भाव जगेगा। उन्होंने कलेक्टरों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव अय्याज फकीर तम्बोली, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक जयप्रकाश मौर्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोस्कर विलास संदिपान, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा और आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र गहवई भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में उपस्थित थे।

## खास खबर...



### भगवा ध्वज के साथ प्रभात फेरी कर राम मंदिर की दी जा रही जानकारी

**रायपुर।** तिल्दा नेवरा में कुछ दिन पूर्व अयोध्या से पुण्य अक्षत लाया गया था। अब घर घर जाकर निमंत्रण देने के लिए लोगों को अयोध्या मंदिर निर्माण में राम लला की विराजमान होने की जानकारी बताने नेवरा तिल्दा के युवक जन श्री राम जय राम की धुन में प्रातः काल प्रभात फेरी निकाल रहे हैं। जिसमें भगवा ध्वज लेकर और बाजे गाजे के साथ युवाओं की टोली नगर भ्रमण करती है। इस आयोजन में आदर्श वर्मा, संजू यादव, प्रियंक सोनी, लक्ष्मीकांत यादव, कुलदीप साहू, गुलशन जायसवाल अभिषेक साहू, महेश ध्रुव, रूपेश देवांगन रिंकू ध्रुव तरुण यादव, गोविंद निषाद, सन्नी यादव, भोला यादव, दीपक साहू, सुनील निषाद, विनोद साहू लक्ष्य कन्हैया साहू उपस्थित रहे।

### सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन 7 को

**रायपुर।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर द्वारा विवाह योग्य सतनामी युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन खालसा स्कूल प्रांगण रायपुर में 7 जनवरी को आयोजन किया गया है। इस उद्देश्य से शादी योग्य लड़के और लड़कियों को मंच पर लाकर उनका समय और पैसा दोनों की बचत करने आयोजन किया जा रहा है। पंजीयन के लिए प्रतिभागियों के सम्पूर्ण परिचय, 2 फोटो व परिजनों के साथ आना अनिवार्य है पंजीयन शुरू है। कार्यालय सांस्कृतिक भवन न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में पंजीयन करवा सकते हैं। सम्मेलन की जानकारी सरजुप्रसाद घृतलहरे, महेश ढ़ीढ़ी आदि ने दी।

### बगबुड़ा में मड़ई का आयोजन कल

**रायपुर।** मड़ई मेले का आयोजन 24 दिसंबर रविवार को गांव बगबुड़ा के नया तलाब गोठान में किया गया है। सरपंच शिवप्रसाद पैकरा ने कहा हमारे राज्य में मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्षों पुराना है। मड़ई हमारी संस्कृति की विरासत हैस हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे है। इस उत्सव का प्रमुख उद्देश्य धान कटाई के बाद अपने देवी देवताओं का धन्यवाद ज्ञापित करना तथा अपने मित्रों प्रियजनों से भेंट करना है। छत्तीसगढ़ में मेला, मड़ई, धर्म, कर्म व संस्कृति महत्व अपने साथ लिए हुए आदि काल से चला आ रहा है। उन्होंने लोगों से मड़ी मेले का आनंद लेने की अपील की।

# पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी समूहों को संपूर्ण रूप से सशक्त बनानाः शम्मी आबिदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना के क्रियान्वयन हेतु आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नया रायपुर के ऑडिटोरियम में आज दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला प्रारंभ हुई। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की आयुक्त शम्मी आबिदी ने प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल करना है।

उल्लेखनीय है कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों- बैगा, बिरहोर, अबुझमाड़िया, कमार एवं पहाड़ी कोरवा के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए 15 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना प्रारंभ की गई है। इस संबंध में भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त निर्देश अनुसार राज्यों को विस्तृत कार्य योजना बनाकर इनके समुचित विकास हेतु आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

आयुक्त शम्मी आबिदी ने बताया कि योजना अंतर्गत 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। इन गतिविधियों में पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल, समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण (ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से), वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का संपूर्ण विकास करना ही इस योजना का मुख्य लक्ष्य है। इन सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन मिशन मोड में तीन वर्ष की अवधि में पूर्ण कर सभी बसाहटों को आवश्यकतानुसार अधोसरंचनात्मक रूप से सुदृढ़ बनाना है।

प्रशिक्षण सह-कार्यशाला में आज प्रदेश के इन पीवीटीजी समुदायों, एनजीओ एवं विभागीय अधिकारियों सहित 198 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें प्रमुख रूप से इतवारी राम बैगा, दुरली बाई बैगा, सुकचंद नेताम, बेंदाराम बिरहोर, मनकुमार, कोलू मेरामी आदि शामिल थे।

इसके अलावा कार्यशाला में कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन, आजीविका मिशन, मनरेगा, ग्रामोद्योग, कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाद्य, जल जीवन मिशन, पीएम आवास एवं ग्रामीण स्वरोजगार विषय पर भी विस्तार से परिचर्चा हुई। कार्यशाला में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जनजातीय प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी दी। कार्यशाला को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अपर संचालक संजय गौड़, उपायुक्त प्रज्ञान सेठ ने भी संबोधित किया और उपस्थित जनजातीय प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान किया।



### लघु वनोपज उत्पाद के संरक्षण एवं संवर्द्धन पर दिया जाएगा विशेष बल

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपजों के संग्रहण में देश में अग्रणी राज्य है। प्रदेश में देश का लगभग 74 प्रतिशत लघु वनोपज संग्रहित होता है। वर्तमान मे प्रदेश में 67 लघु वनोपज की खरादी शासन द्वारा की जा रही है। स्पष्ट है लघु वनोपजों का जनजातीय अर्थव्यवस्था में विशेष महत्व है। इसीलिए यदि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समहों का सर्वांगीण विकास करना है तो इनके द्वारा लघु वनोपज के संग्रहण एवं संवर्धन हेतु विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में प्रशिक्षण सह-कार्यशाला के द्वितीय चरण में विभिन्न जिलों से आए जनजातीय प्रतिनिधियों ने उनके जिले में उत्पादित लघु वनोपज-कोदो-कुटकी, आंवला, नागरमोथा, बहेड़ा, गिलोय, तेंदूपत्ता, करंज बीज, कौंच बीज, इमली बीज, महुआ फल, रीठा फल, सतावर जड़, चरौटा बीज, कुसुम बीज, नीम बीज, जामुन बीज, पलाश फूल, झाडू छिंद, रैली कोसा आदि के संग्रहण के संबंध में आने वाली समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एमडी एमएफपी बी. आनंद बाबू ने उनके प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## व्यवहार न्यायाधीश पद के लिए साक्षात्कार

# 02 से 05 और 08 से 11 जनवरी तक

### दस्तावेज सत्यापन साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2022 (विधि एवं विधायी कार्य विभाग) के 48 विज्ञापित पद हेतु मुख्य परीक्षा का आयोजन 27 जून 2023 को किया गया और परीक्षा परिणाम 17 अगस्त 2023 को जारी किया गया। इस लिखित परीक्षा के प्राप्तांको एवं अर्ह अभ्यर्थियों के उपलब्धता के अधार पर कुल 152 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित किया गया है। आयोग द्वारा चिन्हांकित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 02 जनवरी 2024 से 05 जनवरी 2024 एवं 08 जनवरी 2024 से 11 जनवरी 2024 तक आयोजित किया गया है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि नोवेल कोराना वायरस (ब्वअपक-19) के सक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आयोग कार्यालय परिसर में केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा, अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अन्य के लिए प्रवेश निषेध है। अभ्यर्थियों को फेसमास्क लगाना एवं हेंड सेनेटाईजर रखना अनिवार्य है, जो अन्यर्थी फेसमास्क एवं हेड सेनेटाईजर के बिना साक्षात्कार हेतु उपस्थित होगा उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

व्यवहार न्यायाधीश के पदों के साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व निर्धारित पाली प्रथम पाली- पूर्वान्ह 10 बजे से 01 बजे तक तथा द्वितीय पाली- अपरान्ह 02 बजे से 05 बजे तक किया जाकर निर्धारित तिथि को साक्षात्कार लिया जायेगा। अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार में प्रथम पाली पूर्वान्ह 9.30 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 01.30 बजे तक आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। दस्तावेज सत्यापन साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व किया जाएगा। दस्तावेजो के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

# किसानों को इस साल धान विक्रय पर प्रति एकड़ मिलेगा साढ़े 25 हजार का अतिरिक्त लाभ

### प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी आदेश लागू

### धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा इसका लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को राज्य में लागू किए जाने के लिए राज्य शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश लागू हो गया है। किसानों को इसके मान से टोकन जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सोमवार तक सौ फीसद सोसायटियों में इसका क्रियान्वयन होने लगेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान शेष मात्रा का धान उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से होने पर राज्य के किसानों को बीते खरीफ विपणन वर्ष की तुलना में इस साल प्रति एकड़ धान विक्रय पर लगभग 25,500 रुपए का अतिरिक्त लाभ होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल कॉमन धान की 2040 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से किए जाने के साथ ही उन्हें प्रति एकड़ 9000 रुपए की इनपुट सब्सिडी दी गई, जिसे मिलाकर अधिकतम 39,600 रुपए का भुगतान होता था। इस साल 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होने से किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने पर 65,100 रुपए मिलेगा। इस प्रकार देखा जाए तो इस साल धान विक्रय पर किसानों को गत वर्ष की तुलना में 25,500 रुपए का अतिरिक्त लाभ होगा।



राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 10 लाख 61 हजार से अधिक किसानों से धान 48 लाख 95 हजार टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 12 हजार 81 करोड़ रुपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 37 लाख 55 हजार 346 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 27 लाख 31 हजार 643 टन धान का उठाव किया जा चुका है। इस साल राज्य में 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन के एवज में किसानों को लगभग 40 हजार करोड़ का भुगतान होगा।



नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# दिनों-दिन आपका बच्चा भी बनता जा रहा है जिद्दी? इन तरीकों से आएंगे परिवर्तन



**बच्चे जिद्दी क्यों हो जाते हैं हर छोटी बात पर रोना, कहे गए काम को करने के लिए जिद करना, अपने विचार को मानवाने के लिए कहीं भी रोना शुरू करना, अक्सर माता-पिता के लिए समस्या बन जाता है।**

आज के माता-पिता इस बात से बड़ी स्थिति में संघर्ष कर रहे हैं। क्योंकि बच्चे घर से बाहर जाना कम कर रहे हैं, दोनों माता-पिता काम कर रहे हैं और बच्चे पूरे दिन घर में बोर हो रहे हैं। इस प्रकार, उनका सारा ऊर्जा गलत जगह पर जा रही है। जो मुद्दा अक्सर देखा गया है कि माता-पिता और बच्चों के बीच में विवाद के रूप में है, वह यह है कि परिवार के सदस्य कहते हैं कि बच्चे बहुत जिद्दी हो गए हैं, जबकि उन्हीं बच्चे कहते हैं कि उनके माता-पिता उन्हें समझते नहीं हैं।

बच्चों के माता-पिता अक्सर बचपन में होने वाली जिद्द के साथ संघर्ष करते हैं। यदि आप उनमें से एक हैं, तो हम लाए हैं कुछ सुझाव जिन्हें अपनाकर आप अपने जिद्दी बच्चे को बुद्धिमान बना सकते हैं। तो इंतजार किस बात का है, चलिए समझते हैं कि जिद्दी बच्चे के साथ कैसे निपटा जाए।

### पसंद और नापसंद

हर बच्चा जो किसी चीज के लिए रो रहा है वह जिद्दी नहीं है। अक्सर जब आप उन पर अपनी पसंद को थोपते हैं, तो वे कमजोर होकर उसे इनकार करते हैं। जो बच्चा अपनी पसंद और नापसंद के लिए जागरूक होते है, वह जिद्दी नहीं है। इस प्रकार की स्थिति में, किसी भी कदम के पहले यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपका बच्चा जिद्दी है नहीं। जिद्दी बच्चे अपने बातों पर ही रहते हैं और आपकी सुनने को तैयार नहीं होते वे होते हैं जिद्दी।

### बहस के लिए तैयार

जिद्दी बच्चे हमेशा बहस के लिए तैयार रहते हैं, इसलिए आपको उन्हें इस अवसर की अनुमति नहीं देनी चाहिए। बजाय इसके, अपने बच्चे की सुनें। जब आप उसकी सुनना शुरू करते हैं, तो वह भी आपकी तरफ ध्यान देने की कोशिश करेगा।

### नियम

जिद्दी बच्चों के साथ कुछ नियम बनाए। उन्हें समझाएं कि वे नियमों को तोड़ने पर उन्हें कैसे हानि होगी। यदि आप अपने बच्चे को नियमित रूप से अनुशासित करते हैं, तो इससे उसकी जिद्दीपन में कमी होने में मदद होगी।

### बच्चों पर चिल्लाएं नहीं

माता-पिता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि वे अपने बच्चों पर चिल्लाएं नहीं और अगर बच्चे जिद्दी हैं तो वे ऐसा कभी नहीं करें। यदि आप शांत रहेंगे, तो बच्चे ज्यादा शोर नहीं करेंगे और आप उन्हें सही और गलत के बीच अंतर को समझा सकेंगे।

# ईशा मालविया बनीं बिग बॉस 17 की नई हाउस कैप्टन



एक्ट्रेस ईशा मालविया ने कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस में एक टास्क जीतने के बाद कप्तानी की कमान संभाल ली है। लेटेस्ट एपिसोड में तीखी बहस के बाद फैसला लिया गया। टास्क में घर वालों को दो टीमों में बांटा गया था, जिनके कप्तान नील भट्ट और विक्की जैन थे।

नील ने अपनी टीम ए के लिए ऐश्वर्या शर्मा, अभिषेक कुमार, अरुण, रिंकू धवन और अनुराग डोभाल को चुना। विक्की ने बाकी कंटेस्टेंट्स को चुना और मुनव्वर संचालक थे। दोनों टीमों को उनके वर्कस्पेस पर रखा गया था, जहां उन्हें सेबों को बॉक्स में पैक करना था। टीम ए से ऐश्वर्या और टीम बी से अंकिता को क्वालिटी चेक मैनेजर्स के रूप में नियुक्त किया गया।

काफी खींचतान के बाद, टीम बी ने सेब के दो बॉक्स के साथ टास्क जीत लिया, टीम ए के बॉक्स को टास्क के क्वालिटी चेक सेगमेंट में अस्वीकार कर दिया। ऐश्वर्या ने पहले अप्रूव्ड बॉक्स को दोबारा चेक करने की मांग की, लेकिन मुनव्वर ने इनकार कर दिया। टीम बी को अगला कप्तान बनाने के लिए टीम में से एक व्यक्ति को चुनने के लिए कहा गया। काफी चर्चा के बाद कंटेस्टेंट्स ने दो नाम अंकिता लोखंडे और ईशा मालवीय दिए। लेकिन उस पर भी बहस हो गई। जिसके बाद बिग बॉस को हस्तक्षेप करना पड़ा और फैसला न ले पाने पर कंटेस्टेंट्स को फटकार लगाई। कुछ ही देर बाद टीम बी ने फैसला किया और ईशा को कप्तान घोषित कर दिया।

# डाइटिंग के चक्कर में कहीं उड़ तो नहीं रहे आपके भी बाल, ऐसे कम करें वजन बिना हेयर फॉल

आजकल मोटापा और बढ़ा वजन बड़ी चुनौती है। हर कोई वजन कम करने के लिए डाइटिंग और एक्सरसाइज कर रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि वजन कम करने के चक्कर में कई बार बाल झड़ने लगते हैं। दरअसल, वेट लॉस के लिए बहुत से लोग डाइटिंग करते हैं, जिससे शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। इस कारण बाल झड़ने लगते हैं। आइए जानते हैं ऐसा क्यों होता है और इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए।


### क्या डाइटिंग से होता है हेयर फाल

वजन कम करने के लिए अधिकतर लोग डाइटिंग करते हैं। जब वजन कम होता है तब शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होने लगते हैं। ऐसा बालों के जड़ों से कमजोर होने की वजह से होते हैं। इसके अलावा दोमुंहें बालों की समस्या भी आने लगती है। पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, आयरन और अन्य डाइटरी फाइबर सप्लीमेंट की कमी बालों के झड़ने की वजह बन सकती है। ऐसे में पोषक तत्वों की कमी बालों को पोषण से वंचित कर देते हैं और बाल झड़ने लगते हैं।

## बालों को नुकसान पहुंचाए बिना कैसे घटाएं वजन

### प्रोटीन का पर्याप्त सेवन

रेड मीट, मछली और सेम बींस में अच्छी मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। प्रोटीन हेयर फॉलिकल्स और हेल्दी डाइट के तौर पर मदद करता है। प्रोटीन कई तरह से फायदा पहुंचाता है। अंडे, पालक, खट्टे फल, नट, गाजर, एवोकाडो और होल ग्रेन हेल्दी डाइट हैं, जिनके सेवन से वजन कम हो सकता है और बालों को नुकसान भी नहीं होगा।



### सीमित मात्रा में कैलोरी लें


भरपूर कैलोरी का सेवन शरीर को कामकाज करने में मदद करते हैं। वजन कम करने के लिए कैलोरी को सीमित करना चाहिए। हालांकि, कैलोरी ज्यादा कम करने से पोषण की कमी हो जाती है और बालों को नुकसान पहुंच सकता है।

### विटामिन से भरपूर आहार

बालों के विकास के लिए विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन ई, आयरन और जिंक काफी महत्वपूर्ण होते हैं। इन विटामिनों को वजन कम करने और बालों के विकास के लिए मददगार माना जाता है। इसलिए इनका सेवन करना चाहिए।

# राधिका मदान की सजिनी शिंदे के वायरल वीडियो ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक

मिखिल मुसले के निर्देशन में बनी फिल्म सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो को इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें राधिका मदान मुख्य भूमिका में हैं। 15 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने 40 लाख रुपये का कारोबार किया। अब सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो में निमरत कौर और भाग्यश्री जैसी अभिनेत्रियां भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सुबोध भावे, सोहम मजूमदार, चिन्मय मांडेकर, श्रुति व्यास, सुमित व्यास, स्नेहा रायकर, आशुतोष गायकवाड़ और रश्मी अगड़ेकर जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इसका निर्देशन मिखिल मुसले ने किया है तो वहीं दिनेश विजन फिल्म के निर्माता है। इसकी कहानी मिखिल मुसले और परिंदा जोशी ने मिलकर लिखी है। इन दिनों राधिका अपनी आगामी फिल्म सना की शूटिंग में व्यस्त हैं।



# रिवीलिंग आउटफिट में मौनी रॉय ने बिखेरे हुस्न के जलवे, कर्वी फिगर पर टिकी नजरें

**मौनी रॉय अपने सोशल मीडिया पोस्ट के कारण अक्सर ही चर्चा में आ जाती हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग करा जादू तो पहले ही दर्शकों पर खूब चलाया है। अब कुछ समय से एक्ट्रेस अपने लुक्स की वजह से काफी सुर्खियों में आ गई हैं। लगभग हर दिन मौनी का एक नया स्टाइल फैंस के बीच वायरल हो जाता है। अब फिर से एक्ट्रेस ने अपनी अदाओं ने इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है। लेटेस्ट फोटोशूट में उन्हें बेहद हॉट अवतार में देखा जा रहा है।**

मौनी ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर नया लुक शेयर किया है। इसमें एक्ट्रेस हॉल्टर कट आउट ड्रेस पहने हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, फोटोज में एक्ट्रेस का चेहरा बहुत क्लियर नजर नहीं आ रहा।

उन्होंने इस दौरान अपने बालों को ओपन रखा है और कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हु स्टनिंग पोज दिए हैं। अब मौनी के चाहने वालों की नजरें उनकी अदाओं पर टिकी रह गई हैं।

मौनी हमेशा की तरह इस लुक में भी बेहद हॉट दिख रही हैं। एक्ट्रेस के फैंस ने उन पर प्यार लुटाते हुए एक के बाद एक कई कमेंट्स किए हैं। वहीं, कुछ ही देर में तस्वीरों पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं, जो तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। वैसे, अक्सर ही मौनी के सिजलिंग लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं।

दूसरी ओर मौनी की आने वाली फिल्मों पर बात करें तो एक्ट्रेस कम ही प्रोजेक्ट्स के लिए साइन कर रही हैं। जल्द ही उन्हें द वर्जिन ट्री टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है। इसके अलावा एक्ट्रेस रियलिटी शो टैम्प्टेशन आईलैंड इंडिया में भी होस्ट के तौर पर नजर आ रही हैं।



# सालार ने चकनाचूर कर दिए जवान सहित सारे रिकॉर्ड प्रभास की फिल्म को मिली धुंआधार ओपनिंग



प्रभास की मच अवेटेड एक्शन थ्रिलर फिल्म सालार: पार्ट-1 सीजफायर आखिरकार शुक्रवार, 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इस फिल्म का शाहरुख खान की डंकी के साथ बड़ा क्लैश हुआ है। हालांकि दोनों ही फिल्मों का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है लेकिन कमाई के मामले में सालार ने आते ही डंकी की बैंड बजा दी है।

प्रभास की फिल्म के एडवांस बुकिंग का कलेक्शन (करीब 50 करोड़) ही डंकी के ओपनिंग डे (30 करोड़) की कमाई से काफी ज्यादा है। यहां तक कि सालार' ने शाहरुख खान की साल की सबसे बड़ी फिल्म जवान का रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर दिया है। चलिए यहां जानते हैं सालार ने कितनी बंपर ओपनिंग की है। रिपोर्ट के मुताबिक सालार अपनी रिलीज के पहले दिन 95 करोड़ की ऐतिहासिक ओपनिंग कर सकती है। हालांकि ये अर्ली एस्टीमेट है ऑफिशियल डाटा आने के बाद इन नंबर्स में थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है।

ऑरमैक्स मीडिया ने भी सालार की कमाई के आंकड़े जारी किए हैं। इनकी रिपोर्ट के मुताबिक सालार पार्ट वन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ग्रॉस 116 करोड़ की कमाई कर ली है। सालार के तेलुगु वर्जन ने सबसे ज्यादा 71 करोड़ की कमाई की है। वहीं बाकी लैंग्वेज ने 45 करोड़ के आस पास कमाई की है।

प्रभास की सालार ने बंपर ओपनिंग की है। फिल्म का पहले दिन 95 करोड़ के करीब कलेक्शन एक बड़ा रिकॉर्ड है। इसी के साथ इस फिल्म ने शाहरुख खान की इस साल की सबसे बड़ी फिल्म जवान के गुरूर को भी मिट्टी में मिला दिया है। दरअसल सालार ने जवान के ओपनिंग डे के कलेक्शन के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया है और इसी के साथ ये फिल्म साल की सबसे बड़ी ओपनर बन चुकी है।

बता दें कि जवान ने रिलीज के पहले दिन 75 करोड़ की ओपनिंग की थी वहीं सालार ने पहले दिन 95 करोड़ का कलेक्शन कर नया बेंचमार्क सेट कर दिया है। सालार का निर्देशन केजीएफ फेम डायरेक्टर प्रशांत नील ने किया है और इस फिल्म की स्टार कास्ट की बात करें तो सालार में प्रभास के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू ने अहम रोल प्ले किया है।

# बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की डंकी की शानदार शुरुआत

शाहरुख खान की साल की तीसरी फिल्म 'डंकी' गुरुवार को काफी धूमधाम के बीच सिनेमाघरों में पहुंची। भारत में राजकुमार हिरानी की फिल्म का पहला शो सुबह 5:55 बजे मुंबई के आइकॉनिक सिंगल-स्क्रीन थिएटर गेयटी गैलेक्सी में था, और जैसे ही सिनेमा हॉल की क्लिप इंटरनेट पर वायरल हुए, यह किसी सेलिब्रेशन से कम नहीं था। हालांकि, पूरे दिन फिल्म को उतने दर्शक नहीं मिले। चलिए यहां जानते हैं 'डंकी' ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ से ओपनिंग की है। शाहरुख खान स्टारर 'डंकी' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का रिलीज से पहले ही दर्शकों में काफी क्रेज था और जैसे ही ये फिल्म थिएटर्स में पहुंचीं वैसे ही इसे देखने के लिए पहेल दिन खूब दर्शक भी पहुंचे। हालांकि वीकडेज होने की वजह से फिल्म को सिनेमाघरों में बहुत ज्यादा फुटफॉल नहीं मिला। वहीं अब 'डंकी' की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 'डंकी' ने अपनी रिलीज के पहले दिन 30 करोड़ का कलेक्शन किया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कल सेमीनार का होगा आयोजन

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस प्रत्येक वर्ष 24 दिसंबर को मनाया जाता है। भारतीय संसद 9 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया। जिससे आम ग्राहकों को बतौरउपभोक्ता अधिक अधिकार प्राप्त हुआ। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता, मानक तथा मूल्य के बारे मे जानने का अधिकार प्रदान करना है। जिससे कि आम उपभोक्ताओं अनुचित व्यापार पद्धतियों से बचाया जा सके। गरियाबंद जिले में भी 24 दिसंबर को शांति फ्यूल्स,गरियाबंद में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 11:30 बजे सेमिनार आयोजित किया जायेगा। इसमें सभी प्रभुद्ध नागरिक,चेम्बर ऑफकामर्स के प्रतिनिधि व्यापारी वर्ग एवम् आम उपभोक्ता को शामिल होने की खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने अपील की है। उपभोक्ता अधिनियम के तहत आम उपभोक्ताओं को सुरक्षा का अधिकार संसूचित किए जाने का अधिकार, चयन का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, प्रतितोष पाने का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार इस प्रकार कुल 6 अधिकार प्राप्त हैं। जिनके बारे में उक्त सेमीनार मे वक्ताओं के द्वारा व्याख्यान दिया जावेगा। अत: खाद्य विभाग ने अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर उपभोक्ता संरक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति में अपना बहुमूल्य समय देने की अपील लोगों से की है।

### गांव-गांव पहुंच रहे मोदी की गारंटी वाले डिजीटल रथ

**रायगढ़।** मोदी की गारंटी वाली डिजीटल रथ गांव-गांव पहुंचकर ग्रामवासियों को लाभान्वित कर रही है। यह एक ऐसा रथ है जिसमें केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को मिल रही है। आज धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-बाकारूमा एवं चरखापारा, घरघोड़ा के ग्राम-कुर्मीभौना एवं पोरडा, रायगढ़ के बनोरा एवं सकरबोगा तथा तमनार के आमाघाट एवं गोढ़ी में डिजीटल रथ पहुंचकर ग्रामवासियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के गारंटी के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना देने का कार्य की शुरूआत कर दी है। सभी बुनियादी आवश्कताओं की पूर्ति के लिए मोदी सरकार द्वारा पानी, शौचालय, सड़क स्वास्थ्य आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मोदी जी का सपना कि हर गरीब की उन्नति और प्रगति हो, प्रत्येक गांव का विकास हो इसके लिए काम किया जा रहा हैं।

# सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए शासन स्तर पर काम शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा ।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले में जनता से किए गए वादा को पूरा करने के लिए राज्य शासन स्तर पर अपना कदम बढ़ा दिया है। डिप्टी सीएम शर्मा ने कबीरधाम जिले बहु प्रतिक्षित मांग सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण करने के लिए क्षेत्र के किसानों से वादा किया था। इस वादे को पूरा करने के लिए उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही राज्य स्तर पर जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अफ्सरों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए शीघ्रता से सर्वे करने और कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डिप्टी सीएम शर्मा के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के सचिव अन्बलगन पी.ने विभागीय टीम के कबीरधाम जिले के अंतर्गत प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सुतियापाठ जलाशय के नहर विस्तारीकरण के लिए सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इस सर्वे में क्षेत्र के लगभग 24 से अधिक गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। यह जिले की बहुप्रतिक्षित मांग थी। सुतियापाठ नहर विस्तारीकरण के सर्वे काम शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह भी देखा जा रहा है।

विभागीय अधिकारी ने बताया कि सुतियापाठ जलाशय बायी तट के नहर विस्तारी करने के लिए ग्राम खजरकला, बाम्हनटोला, सिल्हाटी, विचारपुर, दलसाटोला, सिंगारपुर, ढोढमा नवापारा,, सुकतरा, बाजगुड़ा, दैहानडीह, खैरबना, दलसाटोला, नवाघटा, रेंगाटोला, रंजीतपुर, पटपर, डोंगरिया, रणवीरपुर, विरेन्द्रनगर, तिलईभाट, राम्हेपुरा, मानपुर, लखनपुर, जमुनिया को प्रारंभिक सर्वे में शामिल किया गया है। वर्तमान में 24 गांव शामिल है, आसपास के और गांव भी सर्वे में शामिल हो सकता है, इसके लिए सर्वे एवं परीक्षण का काम करना विभागीय निर्देश पर शुरू कर दिए है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देश पर सुतियापाठ जलाशय से रबी फसल के लिए किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष जोर दिया गया। नहर विस्तारीकरण स्थल का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिले के प्रस्तावित नए जगमड़वा जलाशय योजना, बड़ौदाखुर्द जलाशय योजना स्थल का दौरा कर स्थल की समस्त जानकारी सचिव द्वारा ली गई। जिसमें मुख्य रूप से भू-अर्जन प्रकरण, वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रियाओं पर हो रहे विलम्ब पर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निराकरण के लिए कार्य ऐजेसिंयों को निर्धारित मापदण्ड पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई।

राज्य स्तरीय विभागीय निरीक्षण दल द्वारा करियाआमा जलाशय योजना एवं बहेराखार मध्यम जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष रूप से बहेराखार मध्यम परियोजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हर संभव संभावनाओं के आधार पर कार्य करने के लिए आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुतियापाट परियोजना उपसंभाग क्र. 03 सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी कर्रानाला बैराज उपसंभाग सहसपुर लोहारा, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग क्र. 02 कवर्धा एवं सर्व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। राज्य स्तरीय टीम में जलसंसाधन सचिव के साथ, प्रमुख अभियंता आई.जे. उइके, मुख्य अभियंता मुकेश कुमार संतोषी, अधीक्षण अभियंता, डी.के. भगोरिया कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग एन.के. चौहान शामिल थे।

## नवनिर्वाचित विधायक का महापौर ने किया सम्मान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा मोतीलाल वोरा सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव को सम्मानित किया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने विधायक गजेंद्र यादव को स्मृति चिन्ह देकर व फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अब्दुल गनी, दीपक साहू, भोला महोबिया, जयश्री जोशी, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, राकेश सेन, शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, काशीराम कोसरे, विजेंद्र भारद्वाज, मनीष साहू,मीना सिंह, हेमा शर्मा एवं एमआईसी सदस्यगण/पार्षदगण व पूर्व एल्डरमेन सहित अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नगर निगम के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण व छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के द्वारा नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत कर सम्मान किया! इस दौरान नगर निगम के नये सभागार मोतीलाल वोरा में सम्मान समारोह कार्यक्रम के विधायक गजेंद्र यादव ने कहा विकास कार्यो में कोई बाधा नही आयेगी, हर कार्य को प्राथमिकता से किया जायेगा।

उन्होंने नगर निगम द्वारा कोरोना काल के दौरान किये गये कार्यो की सराहना की। उन्होंने ये भी कहा कि मेरा रिश्ता नगर निगम से पूर्व से रहा है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा निगम मेरी कर्मभूमि है। निगम से मैंने बोलना और कार्य करना सीखा है। पार्षद रहने के दौरान उन्होंने अपने अनुभव को साझा किया। राज्य शासन से किसी भी कार्य के लिये व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानते हुए त्वरित निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया गया।

## न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया जिला न्यायालय परिसर का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर ।** उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के प्रमुख न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज जिला न्यायालय कांकेर के परिसर का निरीक्षण किया। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल अरविंद कुमार वर्मा भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने संघ की ओर से बार एसोसिएशन के नवीन भवन के निर्माण की मांग को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया।

मुख्य न्यायाधीश सिन्हा आज अपरान्ह 03 बजे जिला न्यायालय कांकेर पहुंचे, जहां पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र वासनीकर, एसपी दिव्यांग पटेल, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार सहित अन्य न्यायाधीशों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने जिला न्यायालय परिसर में स्थित ग्रंथालय कक्ष, जिला एवं सत्र न्यायालय कक्ष, अभिलेखागार कक्ष, सर्वर रूम, मालखाना, लेखा अनुभाग सहित प्रथम तल पर स्थित परिवार न्यायालय, स्टाफ कक्ष, डिफेंस काउंसिल रूम तथा किलकारी (बेबी फीडिंग रूम) का भी निरीक्षण कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने अधिवक्ता कक्ष का निरीक्षण किया, जहां पर जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने वहां उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह प्रदेश भर के जिलों में स्थित जिला न्यायालयों में आधारभूत आवश्यकताओं एवं विभिन्न संसाधनों की कमी का आंकलन करने निरीक्षण एवं अवलोकन कर रहे हैं।

## रेलवे ने रद्द कर दी दर्जनों ट्रेनें, छत्तीसगढ़ को हैदराबाद यशवंतपुर व कोचेवली को जोड़ने वाली ट्रेनें हुई कैंसिल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों के रद्द होने से लगातार यात्रियों की परेशानियां बढ़ रही है। अधोसंरचना विकास के नाम पर रेलवे द्वारा ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। महीनों पहले से रजर्वेशन करा चुके यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ को दक्षिण भारत से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। रेलवे ने दक्षिण की ओर जाने वाली 13 ट्रेनों को रद्द किया है। इनमें कोरबा से कोचुवेली, तिरुनेलवेली-बिलासपुर, यशवंतपुर-कोरबा, हैदराबाद-रक्सौल, पटना-सिकंदराबाद जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार के मुताबिक दक्षिण मध्य रेलवे के काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसनपार्थी रोड स्टेशन और उप्पल स्टेशन के बीच तीसरी लाइन जोड़ने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग से पहले के कार्य को करने के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की जाएगी। जिसके कारण इस रूट की ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसके कारण कई ट्रेनों को रद्द किया गया और वहीं कुछ ट्रेनों का रूट भी बदला गया है।

### यह हैं रद्द होने वाली गाड़ियां

कोरबा से शुरू होने वाली कोरबा कोचुवेली एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22647) 3 जनवरी को रद रहेगी।

कोचुवेली से शुरू होने वाली कोचुवेली कोरबा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22648) दिनांक 1 जनवरी को रद्द रहेगी।

बिलासपुर से शुरू होने वाली बिलासपुर तिरुनेलवेली एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22619) दो जनवरी व 9 जनवरी को रद्द रहेगी।

तिरुनेलवेली से शुरू होने वाली तिरुनेलवेली बिलासपुर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22620) 31 दिसंबर 7 जनवरी को रद्द रहेगी।

यशवंतपुर से शुरू होने वाली यशवंतपुर कोरबा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12251) 9 जनवरी और 14 जनवरी को रद्द रहेगी।

कोरबा से शुरू होने वाली कोरबा यशवंतपुर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12252) 11 जनवरी व 14 जनवरी को रद्द रहेगी।

हैदराबाद से शुरू होने वाली हैदराबाद रक्सौल स्पेशल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 07051) 30 दिसंबर, 6 जनवरी और 13 जनवरी को रद्द रहेगी।

रक्सौल से शुरू होने वाली रक्सौल सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 07052) 2 जनवरी, 9 जनवरी व 16 जनवरी को रद्द रहेगी।

पटना से शुरू होने वाली पटना सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 03253) एक जनवरी, 3 जनवरी और 8 जनवरी को रद्द रहेगी।

हैदराबाद से शुरू होने वाली हैदराबाद पटना स्पेशल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 07255) 3 जनवरी व 10 जनवरी को रद्द रहेगी।

सिकंदराबाद से शुरू होने वाली सिकंदराबाद पटना स्पेशल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 07256) 5 जनवरी व 12 जनवरी को रद्द रहेगी।

टाटानगर से 22 दिसंबर को रवाना होने वाली 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस(इतवारी) एक्सप्रेस को रद्द की गई है। इसके फ्लस्वरूप पेयरिंग रैक के अभाव में नेताजी सुभाषचंद्र बोस(इतवारी) से 24 दिसंबर को रवाना होने वाली 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी।

टाटानगर से 22 दिसंबर को रवाना होने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस को रद्द की गई है। इसके फ्लस्वरूप पेयरिंग रैक के अभाव में बिलासपुर से 23 दिसंबर को रवाना होने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

31 दिसंबर और 7 जनवरी को बिलासपुर से शुरू होने वाली बिलासपुर मद्रास एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12851) अपने निर्धारित मार्ग के बदले परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-रायपुर-लखौली-विजीनगरम-दुववाड़ा-विजयवाड़ा मार्ग से चलेगी।

एक जनवरी और आठ जनवरी को मद्रास से शुरू होने वाली मद्रास बिलासपुर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12852) अपने निर्धारित मार्ग के बदले परिवर्तित मार्ग विजयवाड़ा-दुववाड़ा-विजीनगरम-लखौली-रायपुर-बिलासपुर मार्ग से चलेगी।

**केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित साथी परियोजना को लेकर चेंबर में बैठक का हुआ आयोजन**

## साथी परियोजना देश-प्रदेश के उद्यमियों सहित जिले के व्यापारियों के लिए अत्यंत लाभकारी: अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि साथी परियोजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जानकारी रायपुर संभाग के समस्त उद्यमियों एवं व्यवसायियों तक पहुंचाने के लिये आज दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को चेम्बर भवन, चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में बैठक का सफल आयोजन हुआ।

बैठक में चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में रायपुर संभाग के समस्त एसोसियेशन के पदाधिकारी, चेम्बर पदाधिकारी शामिल हुए एवं मनीष शाहा राष्ट्रीय समन्वयक, फीफ्ग साथी टेक्नोप्रेन्योर्स नई दिल्ली एवं अनुराग लाल राज्य प्रमुख छत्तीसगढ़, फीफ्ग साथी टेक्नोप्रेन्योर्स प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने फीफ्ग साथी टेक्नोप्रेन्योर्स की टीम का स्वागत किया एवं उपस्थित समस्त चेंबर पदाधिकारी, व्यापारिक संगठनों के प्रमुख एवं व्यापारीगणों का धन्यवाद ज्ञापित कर साथी परियोजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि देश के उद्यमियों एवं स्टार्टअप्स की उद्यमिता को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा सामूहिक प्रयास से साथी परियोजना का संचालन किया जा रहा है जो देश-प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग जगत के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि योजना अंतर्गत राज्य के प्रत्येक जिले में साथी बाजार (स्वदेशी मॉल) की स्थापना की जा रही है जहां स्थानीय एवं देश के छोटे-बड़े सभी उद्यमी एक छत के नीचे अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार एवं विक्रय कर सकेंगे जिससे उपभोक्ता और व्यापारियों के बीच की दुरी समाप्त होगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा लोगों को काम मिलेगा, व्यापार एवं उद्योग जगत को नए मंच मिलेंगे, एमएसएमई उद्योगों का विकास होगा।

बैठक में पारवानी जी ने जिले के समस्त पदाधिकारियों को उस जिले में स्थापित होने वाले साथी बाजार में व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए जिले में उत्पादित होने वाले प्रमुख उत्पादों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर आवेदन कराने हेतु आग्रह किया। ''साथी परियोजना'' के तहत स्थापित किये जाने वाले साथी बाजार विभिन्न तरह के व्यवसाय करने वाले उद्यमियों, व्यवसायियों, स्टार्टअप आदि के लिए स्वर्णिम अवसर है। जो निश्चित रूप से देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय समन्वयक, फीफ्ग साथी टेक्नोप्रेन्योर्स नई दिल्ली, मनीष शाहा ने साथी परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि देश के कृषकों की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से ''साथी परियोजना'' संपूर्ण छत्तीसगढ़ में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत राज्य के प्रत्येक जिले मे तीन से पाँच एकड़ भूमि में साथी बाजार स्थापित किये जाएँगे। साथी बाजार के संचालन हेतु 13 जिलों में भूमि चिन्हांकन का कार्य किया जा चुका है। साथी बाजार संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी का गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जाएगा।

## 108 ब्राह्मण एक साथ खारुन गंगा मैया की आरती कर बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड

**रायपुर।** रायपुर की जीवनदायिनी खारुन नदी का तट 26 दिसंबर को ढाई लाख दियों की रौशनी से जगमग होगा। इस दिन वाराणसी और छत्तीसगढ़ के 108 ब्राह्मण एक साथ खारून गंगा महाआरती करेंगे। माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में होने वाली इस महाआरती को गोल्डन और गिनीज़ बुक ऑफ़वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल करने की तैयारी है। खारुन नदी को प्रदूषणमुक्त कर उसे नवजीवन प्रदान करने के उद्देश्य से होने वाली महाआरती के वार्षिकोत्सव समारोह में प्रसिद्ध पार्श्व गायक कैलाश खेर भी अपने भजनों से भक्ति की धारा बहाएंगे। प्रदेशभर से आने वाले अतिथियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। वहीं, शहर को भी सुंदर ढंग से सजाया गया है। खारुन तट महादेव घाट में हटकेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित घाट पर लगातार 13 महीनों से प्रति माह बनारस की तर्ज पर होने वाली आरती की यह परंपरा करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा एक वर्ष पूर्व 6 दिसंबर को शुरू की गई थी।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# पत्नी का सांवला रंग बनी समस्या तो दी तलाक की अर्जी, कोर्ट ने लगाई फटकार

■ बलौदाबाजार जिले का मामला, फैमली कोर्ट ने याचिका खारिज की तो हाईकोर्ट पहुंचा पति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में चौंकाने वाला फैसला सुनाया है। दरअसल एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से तलाक मांगा और मामला हाईकोर्ट में पहुंचा। व्यक्ति ने याचिका में यह कहा कि उसकी पत्नी का रंग सांवला है और इस वजह से वह उसे तलाक देना चाहता है। हाईकोर्ट ने इस मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए पति की याचिका खरिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि किसी भी पति को पत्नी से सिर्फ इसलिए अलग होने की छूट नहीं दी जा सकती, कि वह सांवले रंग के कारण पत्नी को पसंद नहीं करता।

यह पूरा मामला बलौदा बाजार जिले का है। बलौदा बाजार जिले की फैमिली कोर्ट में पहले यह मामला आया तो कोर्ट ने पति की तलाक की याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस गौतम भादुड़ी व जस्टिस दीपक कुमार तिवारी की खंडपीठ ने कहा सांवले रंग के मुकाबले गोरी त्वचा को प्राथमिकता देने की समाज की मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए पति को प्रोत्साहन नहीं दिया जा सकता। समाज में रंग के आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव खत्म करने की जरूरत है।

### रंगभेद पर कोर्ट ने जताई चिंता

कोर्ट ने इस बात पर चिंता जताई कि सांवली महिलाओं को गोरी महिलाओं के मुकाबले कमतर आंका जाता है। पति की दलील थी कि पत्नी ने बिना कारण उसका घर छोड़ दिया और कई प्रयासों के बावजूद वापस नहीं आई। दूसरी तरफ पत्नी ने कोर्ट को बताया कि पति रंग को लेकर उसका मजाक उड़ाता था और उसके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करता था। उसके अत्याचारों से त्रस्त होकर वह अलग रहने लगी। कोर्ट ने सांवली त्वचा के कारण पत्नी से तलाक की अर्जी पर सुनवाई के दौरान फेयरनेस क्रीम इंडस्ट्री को भी टारगेट किया।

## खास खबर

### धारदार हथियार से पति की हत्या: वारदात के बाद लाश रेत में दबाई, पत्नी और उसके 3 सहयोगियों को उम्रकैद

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में पति की हत्या की साजिश रचने वाली पत्नी और उसके 3 सहयोगियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ अग्रवाल ने मामले की सुनवाई के बाद ये फैसला सुनाया है। मामला सुरगी थाना क्षेत्र का है।




घटना अगस्त 2021 की है। ग्राम कोटराभाठा में रहने वाले 40 वर्षीय धनेश साहू की लाश गांव के ही पास रेत में दबी हुई मिली थी। वहीं उसकी बाइक तालाब में मिली थी। घटना की सूचना पर सुरगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि धनेश की हत्या की साजिश उसकी पत्नी सुमरित साहू ने रची थी। गांव के ही उपेंद्र कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू और अनिल ढीमर से धनेश की हत्या करवाई गई। चूंकि सभी एक ही गांव के रहने वाले थे, तो आपस में जान-पहचान थी।

हत्या के लिए पहले तो तीनों आरोपियों ने धनेश को जमकर शराब पिलाई, फिर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर लाश रेत में दबा दी। इस मामले में पुलिस ने पत्नी समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। कड़ाई से पूछताछ करने पर चारों ने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया था। पत्नी ने बताया था कि उसका पति उसके चरित्र पर शंका कर उसे बहुत प्रताड़ित करता था, इसलिए उसने उसकी हत्या की प्लानिंग की। मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश सिद्धार्थ अग्रवाल ने सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन करावास की सजा सुनाई है।

## कोरबा में एक क्वार्टर में लगी भीषण आग

# घर का सामान जलकर खाक, घंटों मशक्कत के बाद पाया गया काबू



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की रिहायशी कॉलोनी के मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना सिविल लाइन थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की है। यहां के एक क्वार्टर में शनिवार तड़के 4 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कॉलोनी में हड़कंप मच गया। आनन फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ देर में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार एसबीआई कर्मचारी मनोज कुमार देवांगन के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मकान में आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है। शनिवार तड़के 4 बजे घर से धुआं उठता देख वह अपने कमरे से बाहर निकला। इसके बाद मदद के लिए पड़ोसियों को जगाया। तब तक आग बढ़ चुकी थी। घर पर रखा फ्रिज भी ब्लास्ट हो गया। आग से घर में रखी अलमारी, लकड़ी का दीवान, पंखा समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची दो दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया।

### सड़क निर्माण में बडा हादसा, सेंट्रिंग गिरने से तीन मजदूर दबे, एक की मौत

**धमतरी।** धमतरी से विशाखापत्तनम तक भारतमाला परियोजना के तहत हो रहे सडक निर्माण में एक बडा हादसा हो गया। जहां सेंट्रिंग गिरने से तीन मजदूर दब गए। जिसमें से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर केरेगांव पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि भारतमाला परिजयोजना के तहत धमतरी से विशाखापत्तनम तक छह लेन सडक का निर्माण हो रहा है।

# नए वर्ष के जश्न पर पुलिस का पहरा, हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**रायपुर (ए)।** नए वर्ष के जश्न को लेकर होटल, क्लब संचालकों ने अब तक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति के लिए पुलिस को पत्र नहीं लिखा है। वहीं, दूसरी ओर पुलिस नए वर्ष में जश्न की आड़ में हुड़दंग रोकने की तैयारी में जुट गई है। आउटर के थाना क्षेत्र मंदिरहसौद, राखी, अभनपुर, धरसींवा और शहरी क्षेत्र के तेलीबांधा, राजेंद्र नगर, विधानसभा सहित अन्य थानों की पुलिस से एसएसपी कार्यालय ने उन होटल व क्लबों की जानकारी मांगी है, जहां नए वर्ष को लेकर पार्टी आयोजित की जाती है।

पुलिस के मुताबिक नए वर्ष में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नियमानुसार अनुमति दी जाएगी। हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। शहर के एंट्री पाइंट में ट्रैफिक तथा पुलिस जवानों द्वारा वाहन चालकों की जांच की जाएगी। ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नए वर्ष में कितने जवान तैनात किए जाएंगे, इस पर 25 दिसंबर के बाद निर्णय लिया जाएगा।

### नागरिक संघर्ष समिति ने सचिव को लिखा पत्र

आयोजनों को लेकर नागरिक संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की मांग की है। समिति ने कहा है कि पिछले वर्ष 30 दिसंबर को ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति आनन-फानन में दी गई थी। पिछले वर्ष देर रात तक कार्यक्रम आयोजित होने से ध्वनि प्रदूषण फैलने के साथ ला एन आर्डर की स्थिति भी बिगड़ी थी। देर रात ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने से असहनीय ध्वनि प्रदूषण होता है। इस वर्ष वैसी अनुमति न दी जाए।

### प्रशासन के रुख के आधार पर आवेदन

होटल कारोबारियों का कहना है कि प्रशासन के रुख के आधार पर नए वर्ष की पार्टी आयोजित करने के लिए आवेदन किया जाएगा। पूर्व में नियमों में छूट होने की वजह से होटल, बार व क्लब संचालक नए वर्ष के जश्न की तैयारी एक माह पूर्व से करते थे।

नए वर्ष के जश्न को लेकर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। चौक-चौराहों पर, जहां कार्यक्रम होंगे, वहां पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सिविल में भी पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। आउटर में विशेष तैनाती की जाएगी।

**-लखन पटले, एएसपी, रायपुर**

# चोरी के केबल के साथ युवक और कबाड़ी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** सीएमडी चौक के पास लगे सीसीटीवी कैमरे का केबल चोरी करने वाला युवक और खरीदार कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तारबाहर थाना प्रभारी विजय कुमार चौधरी ने बताया कि उसलापुर में रहने वाले एनुल हक स्मार्ट सिटी लिमिटेड में आइटीएमएस एक्सपर्ट हैं। उनकी कंपनी शहर में चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करती है।



उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को सीएमडी चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे का केबल किसी ने पार कर दिए। इसके बाद लगातार दो बार और चोरों ने इसी तरह की घटना को अंजाम दिया। चोरों की इस हरकत से सीएमडी चौक पर लगा कैमरा बंद हो गया। कंपनी के एक्सपर्ट की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पुराना बस स्टैंड के पास से चुचुहियापारा में रहने वाले श्याम लाल श्रीवास (60) को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देना बताया। उसने केबल को जलाकर कबाड़ी शमीम खान उर्फ बाबा खान (40) निवासी भारत चौक तालापारा और खपरगंज निवासी दिनेश साहू (52) के पास बेचना बताया। पुलिस ने कबाड़ियों के ठिकाने से केबल का कापर जब्त किया है।

# 100 किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार, 50 लाख रुपये बताई जा रही कीमत, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**महासमुन्द।** महासमुंद जिले के सिंघोडा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने ओडिशा से महासमुंद के रास्ते मध्य प्रदेश गांजा की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के पास से एक कुंतल गांजा बरामद किया है। सिंघोडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा के सोनपुर से गांजा की एक बड़ी खेप सफेद रंग की कार से महासमुंद होते हुए मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। सूचना पर सिंघोडा पुलिस और साइबर टीम को अलर्ट किया गया और सभी प्वाइंट पर तलाशी अभियान चलाया गया।

इस दौरान बरगढ ओडिशा की ओर से एक कार को टेमरीनाका पर रोका गया। पुलिस को देख कार में बैठा व्यक्ति भागने का प्रयास किया जिसे टीम ने घेराबंदी कर पकड लिया। पकडे गये युवक ने पूछताछ में अपना नाम बहरौल थाना कोटी जिला सतना मध्यप्रदेश निवासी विनोद सिंह (23) बताया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो कार की डिक्की से 100 किलो गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजा सोनपुर ओडिशा से मध्यप्रदेश ले जा रहा था।

### अब तक 17 करोड़ रुपये से ज्यादा का गांजा बरामद

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जनवरी 2023 से अब तक गांजा तस्करी के 92 प्रकरणों में 169 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से कुल 17 करोड़ 50 लाख रुपये का गांजा जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि गांजा तस्करी पर लगातार जिला पुलिस की कार्रवाई चल रही है।

# बाल सुधार गृह से 3 नाबालिग फरारः चौकीदार और प्यून को बाथरूम में बंद कर भागे, एक को पुलिस ने पकड़ा

**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बाल सुधार गृह से 3 अपचारी बालक फरार हो गए, हालांकि इनमें से एक को पकड़ लिया गया है, बाकी 2 की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि चौकीदार और प्यून को इन्होंने बाथरूम में बंद कर दिया और इसके बाद फरार हो गए। ये तीनों चोरी के जुर्म में बाल सुधार गृह में बंद थे। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में बाल सुधार गृह है। 23 दिसंबर शनिवार की सुबह करीब 6 बजे चौकीदार बाथरूम गया हुआ था। कुछ देर बाद प्यून भी दूसरे बाथरूम में गया। इसी बात का फायदा उठाते हुए तीनों बालकों ने चौकीदार और प्यून जिस-जिस बाथरूम में थे, उसे बाहर से बंद कर दिया। फिर तीनों लड़के बाल सुधार गृह का मेन गेट खोलकर भाग निकले।

कुछ देर बाद चौकीदार और चपरासी ने जोर-जोर से आवाज लगाई। बाल सुधार गृह में मौजूद अन्य लड़कों ने दरवाजा खोला, फिर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस अफसर पहुंचे। अब सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है, साथ ही बाल सुधार गृह में मौजूद अन्य बच्चों से पूछताछ भी की जा रही है।

### एक अपचारी बालक पकड़ा गया 2 अब भी फरार

एएसपी आरके बर्मन ने कहा कि फरार बालकों में से एक को टेकनार गांव के पास पकड़ लिया गया है, अन्य 2 फरार हैं। जिस अपचारी बालक को पकड़ा गया है, पुलिस उससे पूछताछ कर रही हैं। इन तीनों को चोरी के जुर्म में बाल सुधार गृह में डाला गया था।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण )**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 10.01.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्र. निविदा सूचना क्र. दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सिस्टम निविदा क्र. 150132/निविदा सूचना क्र. 47/वलेलि/2023-24 दुर्ग दिनांक 20.12.2023 | दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग की समोदा डायवर्सन योजना एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य साथ ही 200 मी. आर.सी.सी. ओपन चैनल, 05 नग व्ही. आर.बी., 05 नग इनलेट एवं 15 नग आउटलेट निर्माण कार्य। | रू. 276.22 लाख (दिनांक01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार) |
| सिस्टम निविदा क्र. 150133/निविदा सूचना क्र. 48/वलेलि/2023-24 दुर्ग दिनांक 20.12.2023 | दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग की तांदुला परिजयोजना अंतर्गत खम्हरिया वितरक शाखा नहर की कोकड़ी माईनर का जीणोद्धार कार्य। | रू. 288.97 लाख (दिनांक01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 27.12.2023 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट:-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।


जी-06604/5

**कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग**
**कृते-मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर भृत्य निलंबित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत निलंबन प्रस्ताव के आधार पर निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20(क) तथा सिविल सेवा आचरण नियम के तहत नूतन कुमार यादव भृत्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में नूतन कुमार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखण्ड कार्यालय शिक्षाधिकारी दुर्ग होगा। ज्ञात हो कि विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग द्वारा नूतन कुमार यादव भृत्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई की ड्यूटी विधानसभा निर्वाचन 2023 में प्रशिक्षण कार्य हेतु दिनांक 19 अक्टूबर 2023 से 20 अक्टूबर 2023 को बीआईटी दुर्ग में लगायी गई थी। नूतन कुमार यादव को उक्त प्रशिक्षण में अनपुस्थिति के संबंध में दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, उक्त नोटिस का जवाब एक माह पश्चात 22 नवम्बर 2023 को दिया गया, जिसमें स्वास्थ्य खराब होने के कारण प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने का लेख किया गया है, किन्तु स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है। संबंधित कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को निलंबन का प्रस्ताव प्रेषित किया गया।

### डी.ई.ओ. ने प्राचार्य को मध्यान्ह भोजन हेतु व्यवस्था के दिए निर्देश

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निकुम में छात्रों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाने की जांच डी.ई.ओ. द्वारा बी.ई.ओ से कराई गई। बी.ई.ओ. द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदनानुसार स्कूल में मध्यान्ह भोजन कक्ष के अभाव में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सायकल स्टैण्ड में भोजन तैयार किया जा रहा था। संबंधित विद्यालय में किचन शेड का अभाव है। प्राचार्य द्वारा उच्चाधिकारियों को किचन शेड के अभाव की जानकारी समयावधि में नही दी गई। डी.ई.ओ. द्वारा प्राचार्य को विद्यालय में किचन शेड के निर्माण होने तक मध्यान्ह भोजन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करने कहा गया है।

### जिले में बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य आज से 06 जनवरी तक

**दुर्ग।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में बंधक श्रमिक सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। सर्वेक्षण हेतु जिला स्तरीय सतर्कता समिति द्वारा नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग को सर्वेक्षण एजेंसी चिन्हित किया गया है। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वेक्षण एजेंसी के वालिंटियर्स एवं सहायक श्रमायुक्त कार्यालय के श्रम निरीक्षक के सहयोग से 23 दिसम्बर से 06 जनवरी तक दुर्ग जिले में अवस्थित संस्थाओं (उद्योग, ईट भट्ठा, कृषि फॅार्म एवं नगरीय निकाय में स्थित दुकान, होटल) में सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। सर्वेक्षण हेतु 500 संस्थानों का चिन्हांकन किया गया है, जहां 2000 श्रमिकों से सर्वे प्रपत्र भरवाया जाएगा।

# ...तुलसी बिन हुआ आंगन सूना

## तुलसी साहू ने पार्टी छोड़ी तो आ गए कांग्रेस के दुर्दिन

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई। कांग्रेस पार्टी में अपने लिए लम्बे समय तक सम्मान तलाशती रही तुलसी साहू का पार्टी छोड़ना कांग्रेस को गहरे जख्म दे गया है। दरअसल, सत्ता में लौटने का दम्भ भरने वाली कांग्रेस पराजय के सदमे से बाहर नहीं निकल पा रही है। तत्कालीन मुख्यमंत्री के गृहजिले में ही कांग्रेस को शर्मसार होना पड़ा। इसके पीछे जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी, उपेक्षा और मनमर्जी टिकट वितरण बड़े कारण रहे। दुर्ग जिले में तुलसी साहू जैसी कद्दावर नेत्री की उपेक्षा कहीं न कहीं कांग्रेस को भारी पड़ी। चुनाव से कुछ समय पहले ही तुलसी साहू ने कांग्रेस को अलविदा कर भाजपा में प्रवेश कर लिया था। इन कुछ दिनों में उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के लिए खूब पसीना बहाया। जिसका नतीजा भी सबके सामने है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि जिस आंगन में तुलसी नहीं, वह आंगन सूना।**



चुनाव नतीजों के बाद फुरसत के पल बीता रही तुलसी साहू से इस संवाददाता ने संक्षिप्त चर्चा की। अपनी बेबाकी के लिए ख्यात श्रीमती साहू ने कहा कि जहां जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं की पूछपरख नहीं होती, वहां ऐसे ही नतीजे आते हैं। भाजपा में कार्यकर्ताओं को भरपूर सम्मान मिलता है। रिकेश सेन, ललित चंद्राकर और गजेन्द्र यादव जैसे कार्यकर्ताओं के पीछे कोई नहीं था, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट देकर सम्मान बढ़ाया। जब जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को टिकट मिलती है तो दूसरी जमीनी कार्यकर्ता भी तन, मन और धन से काम करते हैं। यहीं से नतीजा भी निकलता है। भाजपा और कांग्रेस में सबसे बड़ा अंतर यही है कि भाजपा नए-नए कार्यकर्ताओं को खोजकर नई लाइन बनाती है, जबकि कांग्रेस में कोई नेता दशकों तक एक ही पद पर बना रहता है। यही नेता स्वयं को कार्यकर्ताओं का भगवान और मालिक समझने लगता है। जबकि वास्तविकता यह है कि कार्यकर्ताओं का भी अपना सम्मान होता है। उनकी भी भावनाएं होती है, जिस पर पार्टी नेतृत्व को ध्यान देना चाहिए। जमीनी कार्यकर्ताओं की भावनाओं के विपरीत यदि बाहर से लाकर प्रत्याशी थोपे जाएंगे तो कार्यकर्ताओं का आत्मबल कमजोर होगा और वे पार्टी या थोपे गए प्रत्याशी के लिए निष्ठा और समर्पण से काम नहीं कर पाएंगे। चुनाव के नतीजों पर इसका गहरा असर होता है।

भाजपा नेत्री तुलसी साहू ने साफ कहा कि वे ऐसा नहीं कह सकती कि कांग्रेस में उन्हें प्रेम नहीं मिला। हकीकत यह है कि कांग्रेस एक बड़ी पार्टी है और लोग पार्टी से जुड़ते हैं तो अलग भी होते हैं। लेकिन यह भी देखना चाहिए कि प्रेम और विश्वास था तभी तो लम्बे समय तक पार्टी में बने रहे। उन्होंने कहा कि पुराने और जमीनी कार्यकर्ताओं का अपना महत्व होता है। महत्व से आशय पार्टी में उपयोगिता से है, इसलिए जो अच्छा परफारमेंस करने वाले लोग हैं, उन्हें आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

यदि ऐसा नहीं होगा तो लोग अपने लिए नए रास्तों की तलाश करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए टिकट नहीं दी जा सकती, कि वह कुर्मी या साहू है। ऐसे व्यक्ति का पार्टी का कार्यकर्ता होना भी जरूरी है। किसी भी व्यक्ति को बाहर से लेकर समाज के नाम पर टिकट देने से जीत तय नहीं हो जाती। जीत और हार के अपने कई कारण होते हैं। ऐसे में यदि वह प्रत्याशी हार जाए तो कैसे कहा जा सकता है कि समाज का व्यक्ति हार गया। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आखिर आपने टिकट दिया किसे है? समाज का अपना वोट प्रतिशत होता है, पर पार्टी के कार्यकर्ता की क्षेत्र में अपनी पकड़ होती है। अन्य समाज से जुड़ाव होता है। फिर दीगर कार्यकर्ता भी चाहते हैं कि उनके बीच से ही किसी को टिकट दी जाए। यदि नए व्यक्ति को या बाहर से लेकर किसी अन्य को टिकट दी जाएगी तो कार्यकर्ता हतोत्साहित होंगे। ऐसे प्रत्याशी को समाज के वोट तो मिल सकते हैं, लेकिन सिर्फ इसे ही जीत का आधार नहीं माना जा सकता।

तुलसी साहू ने कहा कि कांग्रेस में बहुत सारे लोगों ने पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यक्षमता और लगन को तवज्जो नहीं दी। 2018 में उनके जिलाध्यक्ष रहते हुए कांग्रेस ने 6 में से 5 सीटें जीती, प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनी, लेकिन हमारी सोच लाभ पाने तक सीमित नहीं थी। यदि मैं यह सोचती कि जिलाध्यक्ष हूँ तो मुझे टिकट भी मिल जाए तो यह सोच ठीक नहीं है। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी टिकट तय थी, लेकिन किसी और दे दी गई। बावजूद इसके उनकी नीयत पार्टी छोड़ देने की नहीं रही। भिलाई नगर निगम बना तो एक नई प्रत्याशी को उतार दिया गया। दूसरी बार फिर एक गृहिणी को टिकट दे दी गई। यदि यह सब कुछ होता रहेगा तो जमीनी कार्यकर्ताओं के बारे में कब सोचा जाएगा? राज्यसभा की सीट रिक्त हुई तो एआईसीसी के प्रभारी चंदन यादव ने उन्हें फोन कर बायोडाटा मांगा, उस वक्त वे चारधाम यात्रा पर थीं। प्रदेश संगठन के कहने पर वे यात्रा छोड़कर वापस आ गई, लेकिन राज्यसभा से भी दीगर राज्य के लोगों को प्रत्याशी बनाया गया। ऐसे में जमीनी कार्यकर्ता कहां जाएगा? श्रीमती साहू ने बताया कि उन्होंने 2018 में चुनाव को लेकर काफी तैयारियां की थी। लेकिन टिकट कटने पर यदि पार्टी छोड़नी होती या टिकट पाने के लिए दूसरी पार्टी में जाना होता तो कापी पहले चली जाती। उन्होंने कहा कि सबको यही लग रहा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस फिर से सरकार बना रही है, ऐसे में मेरे भाजपा में जाने के फैसले पर सवाल उठाए जा रहे थे। हकीकत यह है कि भाजपा में जाना सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ विषय था। इससे बढ़कर कुछ नहीं है। तुलसी साहू ने कहा कि वे भाजपा में अब सिर्फ एक सामान्य कार्यकर्ता हैं। पार्टी नेतृत्व यह तय करेगा कि उन्हें क्या करना है।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने को सम्मान से जोड़ते हुए तुलसी साहू ने कहा कि वे भाजपा में काम और मेहनत करने के लिए आई हैं। क्योंकि सबको अहसास था कि इस बार राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। यह जानते हुए भी हमने भाजपा को चुना, क्योंकि कांग्रेस ने लम्बे समय तक उन्हें कोई काम नहीं दिया। कई लोगों को 4-4 पद दिए गए तो किसी को एक भी नहीं मिला। पहले कहा गया कि जिलाध्यक्ष चुनाव नहीं लड़ेंगे। फिर कहा गया कि प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से 2 महिलाओं को टिकट दी जाएगी। कांग्रेस के लोग अपने ही बनाए नियम कायदों पर बने नहीं रह पाए। भाजपा में जाते ही सबसे पहला सम्मान पीएम मोदी की सभा में मिला। उन्हें प्रधानमंत्री से मिलवाया गया। मोदी ने उन्हें काम करने और आगे बढ़ने का आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा में आपका सम्मान बरकरार रहेगा। जब प्रधानमंत्री जैसे बड़े नेता प्रोत्साहित करते हैं तो काम करने में मजा आता है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के हालातों के लिए कांग्रेस हाईकमान को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हाईकमान ऊपरी स्तर पर काम करता है। उन्हें स्थानीय हालातों की जानकारी यहां के नेताओं से मिलती है। कमजोर लोग ऊपर जाते हैं और गलत जानकारियां देकर टिकट ले आते हैं। यह लोकल लीडरशिप की गलतियां हैं। हाईकमान प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी नहीं रख सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में क्यों हारी, इस पर मंथन कांग्रेस के ही लोग करें। हमने 4 नवम्बर को मोदीजी के मंच से उतरने के बाद भाजपा के लिए काम करना शुरू किया। रविकिशन, मनोज तिवारी और अनुराग ठाकुर जैसे नेताओं के मंच पर पर्याप्त सम्मान मिला। प्रत्येक कार्यकर्ता सम्मान चाहता है। कार्यकर्ता की क्षमता चुनाव में दिखती है। भाजपा ने उन्हें काम करने का पूरा अवसर दिया। समय कम था, पर हमने पार्टी को काम करके भी दिखाया।

तुलसी साहू ने बताया कि संगठन के पद से हटाए जाने के बाद उन्हें कांग्रेस में कोई काम नहीं दिया गया। कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। यहां तक कि बैठकों तक में नहीं बुलाते थे। मंच पर बुलाना तो दूर की बात है। लम्बे समय तक काम करने वाले कार्यकर्ता के लिए यह बेहद तकलीफदेह होता है। यह सारी कसर महज 25 दिनों में भाजपा ने पूरी कर दी। भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज पकड़ती है। कोई कार्यकर्ता यदि विधायक बन जाए और वह सोचे कि पूरी पार्टी और संगठन को चला लेगा तो यह संभव नहीं है। विधायक काम विकास कार्य करवाना है, जबकि संगठन अपना काम करता है। दोनों जब अपने-अपने काम करते हैं तभी ऊंचाइयां पैदा होती है। कोई भी नेता यह कैसे सोच सकता है कि वह कार्यकर्ताओं का मालिक या भगवान बन गया है। यदि कोई कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा और समर्पण से काम कर रहा है तो उसके सम्मान में भी कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने बेहद विषम परिस्थितियों में भाजपा प्रवेश किया है। उद्देश्य स्पष्ट है कि काम करना है। जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

## किसानों को 25 दिसम्बर को किया जाएगा धान की बकाया बोनस राशि का भुगतान

### दुर्ग, धमधा एवं पाटन तीनों विकासखण्डों में किसानों को होगा राशि का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के किसानों को प्रधानमंत्री की गारंटी के अनुरूप दो साल के धान की बकाया बोनस राशि का भुगतान 25 दिसम्बर को किया जाएगा।

राज्य शासन द्वारा कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षो का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना की राशि का वितरण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विकासखण्ड पाटन एवं धमधा में भी धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना की राशि का वितरण कार्यक्रम किया जाएगा। किसानों को दो साल 2014-15 व 2015-16 की लगभग 17 करोड़ 772 लाख रूपए धान की बकाया बोनस राशि दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद करेंगे। जिले में किसानों को विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पात्र हितग्राही कृषकों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि संबंधी प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। बोनस वितरण प्रमाण पत्र का वितरण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विकासखण्ड पाटन, विपणन सहकारी समिति धमधा स्थानों पर किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर एवं माईक की आवश्यक व्यवस्था होगी।

## निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ वार्ड 1 खम्हरिया में गाजे बाजे के साथ प्रवेश किये डिजिटल वाहन का फित्ता काटकर तथा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल, आयुक्त रोहित व्यास ने किया और नागरिको को भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलवाया।

शिविर स्थल पर 658 नागरिको ने अपना पंजीयन करवाकर विभिन्न योजनाओं से अवगत होकर फार्म भरे एवं सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्र में लगने वाले शिविर का प्रथम आयोजन खम्हरिया में दीनदयाल उपाध्याय कालोनी के सामने मैदान में किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास, जिला स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, आयुष्मान कार्ड आदि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के स्टाल लगाये गये। जहॉ क्षेत्र के लोगो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपनी आवश्यकता के अनुसार फार्म भी भरें।

शिविर मे प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटक से लाभन्वित हुए हीरालाल नागवानी, रमेश साहू, दिलीप यादव, मिश्री लाल, ललीत तांडी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के योगिता साहू, तारा कामले, मुकेश कुमार साहू, डोमन लाल साहू, कालिया ताँडी तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में भाना बाई एवं भारती ने बताया की किस तरह उन्होने योजना से लाभन्वित होने अधिकारियों से सम्पर्क कर लाभ लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा मंजरी डोंगरे, नीतू यादव की स्थल पर गोद भराई किया गया, उसी प्रकार सुपोषित बच्चे चुनमुन यादव, सनमिता डोंगरे को सुपोषण किट प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत योजना से लाभान्वित ईश्वर साहू एवं पी.सी. घोष ने बताया कि टी.बी. जैसे बिमारी से लड़ने में शासन किस तरह उनका ध्यान रखरकर उसे रोग से मुक्त किया इन सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हितग्राहियों ने जिला प्रशासन एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टर्स के प्रति जताया आभार

## जिला अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस सेवा से हर महीने लगभग 400 मरीज हो रहे लाभांवित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सहायता के उद्देश्य से जिला अस्पताल दुर्ग में एक और पहल की गई। जिला अस्पताल दुर्ग में रोजाना 15 से 17 एवं मासिक आकड़े के अनुसार माह में लगभग 350 से 400 मरीज डायलिसिस के लिए आते है। डायलिसिस करवाने के सीबीटी, आरएफटी, एलएफटी और वाईरल मार्कर (एचसीवी, एचबीएसएजी, एचआईवी इत्यादि) की रिपोर्ट देखी जाती है। प्राइवेट अस्पतालों में यह जांच और डायलिसिस कराने पर हजारों रूपए खर्च होते है जो कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति व परिवार के लिए एक अतिरिक्त भार है।**



जिला प्रशासन की पहल से ऐसे मरीज जो किडनी खराब होने की समस्या से पीड़ित है एवं आर्थिक रूप से कमजोर है, उनके लिए निःशुल्क जांच एवं डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। वर्तमान में डायलिसिस हेतु आवश्यक उपकरणों सहित कुल 5 बेड की सुविधा उपलब्ध है। जिन मरीजों की किडनी खराब हो चुकी है, उन्हे यह सलाह दी जाती है कि वे निजी अस्पतालों में न जाकर जिला अस्पताल में ही निःशुल्क डायलिसिस करवायें।

अर्जुन नगर भिलाई में रहने वाले हितग्राही श्री आत्माराम साहू बताते है कि पहले वे अपने नेत्रहीन बेटे राकेश साहू का डायलिसिस निजी अस्पताल में कराते थे। जहां उन्हे इसके लिए 4-4.5 हजार रूपए खर्च करने पड़ते थे, परन्तु अब जिला अस्पताल में उन्हे इसकी निःशुल्क सेवा दी गई है। जिससे उन्हे बहुत राहत मिली है। आत्माराम बताते है कि अस्पताल में जांच से लेकर दवाइयों तक सभी चीजे निःशुल्क है एवं अस्पताल की अन्य सुविधाएं भी अच्छी है। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया है।

इसके अलावा एक और मरीज सविता देवी जो कि सेक्टर-5 भिलाई में रहती है, उनकी बेटी कुमार ईशा ने भी जिला प्रशासन एवं संस्था को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे आर्थिक रूप से इतने सक्षम नही है कि निजी अस्पताल में डायलिसिस करवा सके। यहां उन्हे निःशुल्क डायलिसिस व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ साथ अस्पताल परिसर में कार्य करने वाले डॉक्टर्स व अन्य कर्मचारियों का व्यवहार भी बहुत अच्छा लगा।

## स्वच्छता की सीख शौचालय से, पांच बिदुओं पर महिला समूह द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रख रखाव के लिए नगर पालिक निगम रिसाली विशेष अभियान चला रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी निरंतर कर रहे है। स्वच्छता का पैमाना निर्धारित कर महिला स्वसहायता समूह की सदस्य निरीक्षण भी कर रही है। इसका उद्देश्य न केवल साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना है बल्कि बेहतर वातावरण भी उपलब्ध कराना है।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र अंतर्गत 39 ऐसे स्थान है जहां सार्वजनिक और सामुदायिक शुलभ शौचालय है। इसमें बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक मूत्रालय व बड़े व्यापारिक केन्द्र में शामिल जैसे पेट्रोल पंप में स्थित शौचालय शामिल है। जहां पर नियमित साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि उपरोक्त जगहों की मॉनिटरिंग करने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। 8 समूह में शामिल 24 महिला हर रोज अलग-अलग शौचालयों की निरीक्षण कर अधिकारियों को अवगत जियो टैग फोटो के साथ करा रही है।




### इन बिंदुओं पर मॉनिटरिंग

- शौचालय की उपयोगिता
- पहुंच योग्य है कि नहीं
- समुचित सफाई व्यवस्था
- शौचालय पर्यावरण अनुकुल है कि नहीं
- शौचालय के उपयोग करताओं की सूरक्षा

### बच्चे सीख रहे शौचालय देख स्वच्छता

स्वच्छता कैसे अपनाएं साथ ही घरों और सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ कैसे रखे। इसकी सीख देने बच्चों को भी जोड़ा जा रहा है। स्कूली बच्चों को सार्वजनिक शौचालयों का भ्रमण भी कराया जा रहा है। ताकि बच्चें स्वच्छता की सीख अपने परिजनों को भी दे सके।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950